हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 27.8 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री


जोरापारा तालाब जलकुंभी से पटा, नहीं हो रही सफाई।



## खबर संक्षेप

### आग जैसी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मॉक ड्रिल आज

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतगर्त आग जैसी संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए बाबला रिफ्लर फ्यूल स्टेशन सरकंडा में लेवल 3 ऑफ साइट अग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण 30 जनवरी को दोपहर 3 बजे से निर्धारित स्थान पर होगा। प्रशिक्षण में जिला प्रशासन के सभी विभागों से सहभागिता की अपील की गई है। कोई भी व्यक्ति इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### एएसपी श्रीमती चावला बनी आईयूसीएडब्ल्यू प्रभारी

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने डीएसपी से एडीशनल एसपी बने प्रदेश के 16 अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। इसमें एएसपी रश्मीत कौर चावला का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेडिया बिलासपुर से एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू बिलासपुर तबादला किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में आईयूसीएडब्ल्यू एएसपी गरिमा द्विवेदी का तबादला हो गया था। उसके बाद से उक्त पद रिक्त था।

### जिला न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा के परिणाम जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) (बी) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) सीमित प्रतियोगी परीक्षा 2025 हेतु आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 18 जनवरी 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उक्त परीक्षा के परिणाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

### सड़कों पर नहीं लग रही है झाड़ू, उड़ रही धूल

**बिलासपुर।** शहर की सफाई का जिम्मा नगर निगम के पास है, वहीं सफाई का ठेका ठेकेदार संभाल रहे है लेकिन मुख्य सड़क को छोड़ गली मोहल्लों में रोजाना झाड़ू नहीं लग रहा है। करबला रोड, मसानगंज, कतियापारा जैसे सड़कों पर कर्मचारी नहीं आने के कारण सड़क धूलों से पटी है, यही कारण है कि आवाजाही में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# फार्म हाउस के नाम पर बेच रहे अवैध प्लॉट, रजिस्ट्री-नामांतरण कराकर देने का दावा

❑ चोरभट्ठी मेनरोड पर खुलेआम हो रही अवैध प्लॉटिंग ❑ मूकदर्शक बना राजस्व विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फार्म हाउस के नाम पर अवैध प्लॉट की बिक्री करने बिलासपुर-कोटा रोड पर चोरभट्ठी के पास एक नई दुकान खुली हुई है। प्लॉट टीएनसी व रेरा अप्रूव्ड नहीं है, इसीलिए खरीदारों को तीन हजार वर्गफीट से अधिक भूमि की बिक्री के लिए टीएनसी-रेरा का अप्रूवल जरूरी नहीं होना बताकर बरगलाया जा रहा है। कच्चे प्लॉट की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद वे रजिस्ट्री व नामांतरण करवाकर देने की बात कह रहे हैं। मुख्यमार्ग पर सजी इस दुकान पर कार्रवाई करने के बजाय राजस्च विभाग मूकदर्शक बना बैठा है।

प्रदेश में कच्चे प्लॉटिंग की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध है, लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी कई भू-माफिया अधिकारियों की सांठगांठ से इस व्यवसाय में फल-फूल रहे हैं। प्रशासन ने भले ही छोटे और कच्चे प्लॉट की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है, लेकिन कुछ लोग बड़े प्लॉट काटकर फार्म हाउस के नाम पर अपनी दुकान चला रहे हैं। बिलासपुर से कोटा रोड में चोरभट्ठी के पास मेन रोड पर कुछ लोग बड़े स्तर पर कच्ची प्लॉटिंग कर नियम विरूद्ध जमीनों की बिक्री कर रहे हैं। यहां इन लोगों ने न केवल आवासीय, बल्कि कमर्शियल प्लॉट भी रखा हुआ है। कमर्शियल प्लॉट 12 सौ रूपए प्रति वर्गफीट तक तक में बेचे जा रहे हैं। भू-माफियाओं का दावा है कि खरीदारों को रजिस्ट्री और नामांतरण में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि विक्रेता ही सारी व्यवस्थाएं करवाकर देंगे, जैसा कि वे अब तक अन्य खरीदारों को देते आए हैं।



### मेन रोड पर भव्य गेट, भीतर दौड़ रहा रोड रोलर

मेन रोड से लगी अवैध प्लॉटिंग को बाऊंड्री वॉल से घेरा गया है। इतना ही नहीं, बल्कि मेनरोड पर भव्य प्रवेश द्वार भी बनवाया जा चुका है। भीतर 25 व 30 फीट चौड़ी मुरूम की सड़क तैयार हो चुकी है। सड़क के समतलीकरण के लिए पानी का टैंकर और रोड रोलर की सेवा ली जा रही है। यह सारा कुछ मेनरोड पर हो रहा है, लेकिन हैरत की बात यह है कि किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को यह नजर नहीं आ रहा है।



### रजिस्ट्री पर लगेगा बैन

प्लॉट छोटा हो या बड़ा। चाहे आवासीय, कमर्शियल या फिर फार्म हाउस के नाम पर बेचा जा रहा हो। अगर कच्चा प्लॉट है तो अवैध ही कहलाएगा, जिसकी नियमानुसार रजिस्ट्री नहीं हो सकती। खसरा नंबर के आधार पर उक्त प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पर बैन लगाया जाएगा।

-आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### बिक भी गए 27 प्लॉट

भू-माफियाओं ने इस स्थान पर साढ़े 11 एकड़ जमीन में प्लॉटिंग कर रखी है। इसमें उन्होंने कुल 56 प्लॉट काटे हैं। चूंकि पांच डिसमिल जमीन से कम की प्रदेश में रजिस्ट्री बैन है, जिससे सारे प्लॉट तीन हजार वर्गफीट व उससे अधिक आकार के काटे गए हैं। माफियाओं द्वारा प्लॉट की कीमत 549 रूपए प्रति वर्गफीट रखी गई है, जिसमें डील फाईनल होने की स्थिति में बीस से तीस रूपए की छूट देने की बात कही जा रही है। विक्रेताओं द्वारा यहां 27 प्लॉट की बिक्री भी की जा चुकी है, जिसमें नए खरीदारों के द्वारा बाऊंड्रीवाल करने के लिए विक्रेताओं को ही जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**तीन साल पुराना प्रोजेक्ट, कुछ दिन दुबके बैठे रहे-** प्लॉटिंग एरिया में ड्यूटी कर रहे भू-माफिया के गुर्गों ने बताया कि यह प्रोजेक्ट तीन साल पहले का है, लेकिन अचानक शासन व प्रशासन द्वारा कच्चे प्लॉट की बिक्री रोकने को लेकर कड़ाई की जाने लगी, जिससे प्लॉट की खरीदी बिक्री रोक दी गई थी। अब माहौल थोड़ा शांत होने व शायद संबंधित विभागों के अधिकारियों से सेटिंग हो जाने के कारण इनके द्वारा प्लॉट की बिक्री फिर से प्रारंभ कर दी गई है।

निगम क्षेत्र के अंतर्गत 117 तालाब आते हैं, परंतु अधिकांश तालाब सफाई को तरस रहे, पूरा क्षेत्र बदबू से परेशान

संवारने के लिए 40 करोड़ पानी में, रियूज वॉटर के नाम पर सीमित क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर कागजों में खानापूर्ति

# 11 करोड़ खर्च, सोलर पैनल शुरू ही नहीं हुआ, ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के तालाबों में पानी भरने के लिए 40 करोड़ रुपए से अधिक की योजना बन चुकी है लेकिन पानी में चला गया है। अरपा पार बीच बस्ती का जोरापारा तालाब और हेमूनगर में जरूर कुछ काम दिखते हैं लेकिन जरहाभाठा के जतिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर 9 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद वह सूखा पड़ा है। इस तालाब में एक फीट पानी भी नहीं है। यह तालाब नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। शाम होते ही पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। सोलर पैनल तो आज तक चालू ही नहीं हो सका है। तालाब में नाली का पानी जा रहा और पूरा क्षेत्र बदबू से परेशान हैं।

**जतिया तालाब में नाली का पानी भरा जा रहा**

नगर निगम की सीमा वृद्धि के बाद निगम एरिया के अंतर्गत 117 तालाब आते हैं, परंतु अधिकांश तालाब सफाई को तरस रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा सारा पैसा गिने चुने तालाबों पर ही फूंक दिया जा रहा है। हाल यह है कि जहां जल स्त्रोत नहीं है, वैसे तालाबों को सौंदर्यीकरण के लिए चुना गया। जिन तालाबों में नालों का पानी जाता था और पारंपरिक पैठू की पद्धति से पानी साफ होता था, उस सिस्टम को पूरी तरह उलट दिया गया। रियूज वॉटर के नाम पर सीमित क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर कागजों में खानापूर्ति की गई।


जतिया तालाब में लगाया गया सोलर पेनल बंद।


तालाब में जा रहा नाली का गंदा पानी।

### दिया जा रहा ध्यान

तालाबों के सौंदर्यीकरण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। जतिया तालाब में क्या परेशानी है इसकी जानकारी अधिकारियों से ली जाएगी। नाली का पानी फेंकना गलत है। इसे साफ करना होगा।

- **प्रकाश कुमार सर्वे**, निगम आयुक्त

### जल स्रोत नहीं था तो योजना बनी क्यों

जतिया तालाब की बात करें तो सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत 2017-18 में इस तालाब के विकास पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 7 करोड़ रुपए खर्च कर इसे संवारने की कोशिश की लेकिन हुआ कुछ नहीं। तालाब के एक कोने को छोड़कर पूरा तालाब सूखा पड़ा है। यहां भी नाली का पानी जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि जहां जल स्रोत नहीं था, वहां तालाब के विकास की योजना किस आधार पर बना दी गई। ध्यान रहे कि शहर में तालाबों के विकास के नाम पर पहले 15 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद 26.60 करोड़ की योजना पर और काम हुआ लेकिन इसके बाद भी तालाब नहीं संवरे।

### 12 एकड़ का तालाब सूखा पड़ा है

यहां के लोगों ने बताया कि जतिया तालाब 12 एकड़ में फैला है। बारिश के दिनों में जब लबालब हो जाता था, तो उसकी मेड़ को बंद कर दिया जाता था। तालाब में तिफरा की ओर से बरसात का पानी आता था। इसके अतिरिक्त नालों का भी पानी आता था, जो पैठू से होकर साफ पानी बड़े तालाब में जमा होता था। इस जल राशि के चलते पूरे वार्ड में गर्मियों तक जल स्तर बना रहता था। जब से लेकिन तालाब के विकास की योजना बनाई गई, तालाब सूखा पड़ा है। तालाब को कैसे भरेंगे? कोई अधिकारी नहीं बता पा रहा है। इसके बाद तालाब में पानी भरने के लिए सीमित क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया। यह भी बंद पड़ा है। इसकी क्षमता 2 एमएलडी है।

### यह हाल है शहर के तालाबों का

स्मार्ट सिटी की ओर से तालापारा के मिनी माता तालाब के सौंदर्यीकरण पर 16 करोड़ खर्च किए गए। काम बंद होते ही तालाब जलकुंभी से पट चुका है। तालाब को भरने के लिए 5 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया जो किसी काम का नहीं है। योजना थी कि तालाब में पहले मौजूद गंदे पानी की केमिकल से सफाई कराई जाए और इसके बाद ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब में निरंतर पानी भरा जाए। ऐसा लेकिन हो नहीं सका। इसी तरह अरपा पार बस्ती के बीच में बना जोरा तालाब में कुछ हद तक पानी है। वर्षों से यह निस्तार का साधन बना हुआ है। एक करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद डीपूपारा तालाब गंदा पड़ा है। तिफरा का बछेरापारा तालाब 2 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद बेहतर स्थिति में है। वहीं 2 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद स्मृति वन तालाब पर्याप्त पानी को तरस रहा है।

अपोलो में नवजात की मौत का मामला

# एक माह बाद भी कागज से बाहर नहीं आई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो अस्पताल में प्रसव पीड़िता से लापरवाही और नवजात की मौत का मामला अब तक अनसुलझा है। घटना को 1 माह बीत चुके हैं, लेकिन सीएमएचओ के द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि जांच कलेक्टर के निर्देश पर की जानी है, लेकिन टीम ने रिपोर्ट सौंपना भी जरूरी नहीं समझा है।

- सीएमएचओ ने गठित की थी टीम
- जांच की देरी में उठने लगे सवाल

दरअसल 23-24 दिसंबर की रात विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल को प्रसव पीड़ा के दौरान अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान ही नवजात की मौत हो गई थी। मामले में अपोलो प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा और मामला कलेक्टर तक पहुंचा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने मामले की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम गठित की है।

### जेडी और सिविल सर्जन की दोहरी जिम्मेदारी

ज्ञात हो कि जांच के लिए अध्यक्ष के तौर पर डॉ अनिल गुप्ता को जिम्मा सौंपा गया है, लेकिन प्रशासनिक कार्यों में उलझे रहने वाले डॉ गुप्ता अबतक रिपोर्ट नहीं दे सके हैं। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में सिविल सर्जन का पद संभाल रहे डाक्टर गुप्ता वर्तमान में संयुक्त संचालक पर पदस्थ हैं। एक साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने रिपोर्ट देना ही सही नहीं समझा है, जिसके चलते पीड़ितों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जांच रिपोर्ट नहीं मिली है

अपोलो अस्पताल की जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। कई बार अधिकारियों के प्रशासनिक कार्य के कारण जांच में विलंब हो जाती है। 2 से 4 दिनों में रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

-**डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएसओ

### मिल जाएगी रिपोर्ट

कुछ दिन पहले ही अधिकारियों से चर्चा हुई है, जांच पूरी हो चुकी है, रिपोर्ट भले ही सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन जल्द ही रिपोर्ट पीड़ित परिवार को मिल जाएगी।

-**संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

# न्यूनतम तापमान पहुंचा 15 डिग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। गुरूवार को आम दिनों की तुलना में ठंड काफी कम रही, इस दौरान न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री पहुंच गया। वहीं सुबह से ही आसमान पर बादल नजर आए। वहीं दोपहर 12 बजे तक कोहरे के आगोश में शहर की सड़कें दिखाई दी।

ठंडी अब जल्द ही अलविदा हो जाएगी, सुबह और रात के समय ही ठंड लग रही है और दिन में बिना गर्म कपड़े के काम चल रहा है। धूप भी धीरे-धीरे ही सही तेज होने लगी है। गुरूवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा और आउटर पर दोपहर 12 बजे तक कोहरा दिखाई देता रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 27.8 रहा, साथ ही न्यूनतम तापमान 16.2 आंका गया। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है, जिसके चलते आसमान पर बादल छा रहे है, हालांकि बिलासपुर को छोड़ उत्तरी छत्तीसगढ़ के कहीं-कहीं पर बुंदाबांदी होने के आसार है। इस दौरान सुबह के समय धुंध छाने के कारण विजिबिलिटी काफी कम हो रही है लेकिन यह कुछ ही दिनों में सामान्य होने की उम्मीद है।




## खबर संक्षेप

### मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम आज

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री के निर्देशानुसार 30 जनवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धरना व प्रदेश में धान खरीदी को लेकर हो रहे विसंगतियां के विरोध में सांकेतिक चक्का जाम समस्त ब्लॉकों में रखा गया है। 30 जनवरी को जिले के सभी ब्लॉकों में धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें उक्त ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी ,मोर्चा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ प्रदेश में धान खरीदी को लेकर किसानों को हो रहे अनेक प्रकार की समस्याओं व धान खरीदी के तिथि को बढ़ाने के लिए सांकेतिक चक्का जाम का भी आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी हेतु पूर्व में ही सभी ब्लॉकों में समन्वयको की नियुक्ति की गई है। समन्वय समिति के सदस्य विजय केशरवानी ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत 30 जनवरी को सांकेतिक चक्का जाम किया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फ़रवरी के बीच कलेक्टर कार्यालय के सामने "जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन जिसमें मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की माँग की जाएगी।

### शपथ ग्रहण समारोह और शाकंभरी महोत्सव आज

**बिलासपुर।** भोयरा मरार पटेल समाज के द्वारा जिला स्तरीय सामाजिक शपथ ग्रहण समारोह एवं महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी को लखीराम आडिटोरियम में किया जा रहा है। समाज के प्रशांत पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि बरत राम पटेल, आत्मा नारायण पटेल, पतिराम, नागेश्वर पटेल, शिव कुमार पटेल, कार्तिक राम पटेल, टिकेश्वरी पटेल, बिलसिया पटेल आदि हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शर्मा ने की जिला पदाधिकारियों की घोषणा

**बिलासपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी, संभाग सहप्रभारी एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार व भाजपा जिला बिलासपुर शहर कोर ग्रुप के निर्णयानुसार,



भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की अनुसंशा से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा ने महिला मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसमें बिलासपुर जिला उपाध्यक्ष सुधा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष तखतपुर शिप्रा सेमुअल, मंगला पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष बिल्हा अनिता श्याम कार्तिक वर्मा, जिला महामंत्री बिल्हा नंदनी क्षत्री, तखतपुर वंदना सिंह, जिला मंत्री बिलासपुर रीना गोस्वामी, श्रद्धा तिवारी, तखतपुर लक्ष्मीन साहू, बिल्हा जया पाण्डेय, रेखा कौशिक, जिला कोषाध्यक्ष बिलासपुर दीप माला झा की नियुक्ति की गई है।

### रमन विश्वविद्यालय ने पल्लवी को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने पल्लवी जायसवाल को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है।



उनका शोध आईआईआर फिल्टर का डिजाइन विषय पर केंद्रित था। पल्लवी ने डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ मित्रा के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया। वर्तमान में पल्लवी डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल विद्यालय परिसर में लहराया तिरंगा



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल विद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस पर अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की उपस्थिति में मुख्य अतिथि संतोष गेमनानी ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति नृत्य, योग, ताइक्वांडो और भारत की समृद्ध विरासत तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाली अन्य विषयगत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतर-सदन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर, ऑल राउंड अवार्ड और बेस्ट हाउस तथा रनर-अप हाउस जैसे श्रेष्ठ श्रेणी के पुरस्कारों की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. गेमनानी ने कहा कि युवा शिक्षार्थियों के बीच संवैधानिक मूल्यों, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता के महत्व पर जोर दिया गया। अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने आत्मविश्वासी और देशभक्त नागरिकों के पोषण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम उप-प्रधानाचार्य रोजमेरी लक्ष्मण के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति ने लिया भगवान बालाजी का आशीर्वाद

**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने जगदलपुर श्री भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर में आयोजित रजत महोत्सव में शामिल होकर आशीर्वाद लिया। जी. रविकन्ना ने बताया कि श्री भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर, जगदलपुर का रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन 26 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है । इस महोत्सव में बिलासपुर से तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति से लगभग 30 सदस्य उपस्थित हुए हैं। 29 जनवरी को आयोजित पूजा अर्चना में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। 30 जनवरी को प्रातः 6 बजे नित्य पूजा किया गया है। प्रातः 10 बजे कुमकुम पूजा सुहागिन भी महिलाओं द्वारा की जाएगी। बिलासपुर, तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों ने बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष मद्दी श्रीनिवास राव जी को राम लाला एवं श्री सत्य साईं बाबाजी का फोटो सौजन्य भेंट कर सम्मान किया गया है। महोत्सव में तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति, सह संरक्षक आर श्रीनिवास राव जी, अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव, सचिव जे जगन पटनायक, ए ईश्वर राव, अरुण शिवम पटनायक, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष एम श्रीनू, मंडल अध्यक्ष एस श्रीनिवास, व्ही रवि, एन संतोष, पी भीष्मा, जी व्ही नरसिंग मूर्ति, जगन मोहन, बुड्डा रामाराव, कमलेश करी, एन भास्कर राव, पी श्रीनिवास, व्ही श्यामू, एस गोविंद, मदन कुमार नायडू, एम रवि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला का भव्य शुभारंभ

# सम्मान, प्रतियोगिता, रोजगार और सेवा भाव का सशक्त मंच बना उद्योग मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की पहचान बन चुके और 25 वर्षों की ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 का भव्य शुभारंभ साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। बीएनआई द्वारा मेले का यह तीसरा साल है। यह मेला 29 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, जिससे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद खेड़िया, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष कमल सोनी, अद्वैत फॉर्म्स के संस्थापक अनिल मूंदडा, बीजेपी जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, मोहित जायसवाल व मेला आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. किरणपाल सिंह चावला एवं बीएनआई बिलासपुर व्यापार मेला संयोजक गणेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

देहदान एवं नेत्रदान कर चुके लोग व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया, अपने विवाह के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके 11 दंपत्तियों का सम्मान, बच्चों की वीरता के लिए विशेष सम्मान, सावित्री बाई फुले नारी शक्ति पुरस्कार के अंतर्गत 11 महिलाओं का सम्मान, विभिन्न जिलों के अग्रणी व्यापारियों का सम्मान, गिनीज बुक रिकॉर्ड बनाने वालों का सम्मान, छत्तीसगढ़ सेवा रत्न सम्मान, उद्योगपति ऑफ द ईयर अवार्ड,स्टार्टअप अवार्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड।



बीएनआई मेले का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आयोजन समिति के सदस्य।




### सामाजिक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण व्यापारिक और सामाजिक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। यहां जहां एक ओर व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सुंदर उदाहरण देखने को मिल रहा है।

### मेला वास्तव में समावेशी विकास का प्रतीक : सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला वास्तव में समावेशी विकास का प्रतीक है। वहीं मेयर पूजा विधानी ने कहा कि उद्यमियों और स्टार्टअप्स को भी पहचान दिला रही है। उन्होंने कहा कि इस मेले में स्थानीय उत्पादों, उद्योगों और सेवाओं को प्राथमिकता देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती दी जा रही है। यह मेला न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को भी पहचान दिला रहा है।

### सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यमः चावला

मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. किरणपाल सिंह चावला ने बताया कि यह मेला केवल व्यापार और उद्योग का मंच नहीं, बल्कि सेवा, सम्मान, नवाचार और सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बना है। मेले के दौरान समाजसेवा की भावना के साथ देहदान, नेत्रदान और रक्तदान को प्रोत्साहित करने की अपील की गई। इसके लिए पंजीयन की व्यवस्था भी की गई है।

### कार्यक्रम का लिया आनंद

मेले के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में बिलासपुर गॉट टैलेंट, राइजिंग वॉइस ऑफ बिलासपुर, मिस्टर एवं मिस बिलासपुर, आइडियल कपल, रॉयल कपल प्रतियोगिता, इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता, स्टार्टअप आइडिएशन अवार्ड, बॉडी बिल्डिंग, हेल्दी बेबी, मेहंदी, रंगोली, ड्राइंग-पेंटिंग एवं साइंस मॉडल प्रतियोगिता शामिल रहीं। मनोरंजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक नृत्य, भजन-कीर्तन, कवि सम्मेलन सहित अनेक प्रस्तुतियां हुईं। समाजसेवा की दिशा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

---




## सिम्स में रैगिंग रोकने उठाए गए ठोस कदम

**बिलासपुर।** नेशनल मेडिकल काउंसलिंग द्वारा एंटी-रैगिंग जागरूकता एवं संवेदनशीलता वेबिनार में देशभर के लगभग 600 मेडिकल कॉलेजों एवं चिकित्सा संस्थानों ने भाग लिया। मेडिकल परिसरों में रैगिंग की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम, कानूनों एवं नियमों की जानकारी तथा छात्रों के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना है। सिम्स में भी वेबिनार किया गया है। जिसमें स्टूडेंटस और प्रबंधन के अधिकारी शामिल रहे।

एनएमसी को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के एमबीबीएस छात्रों से रैगिंग से संबंधित शिकायते मिल रही है। इनमें अधिकांश घटनाएं छात्रावास एवं कैंपस से जुड़ी हैं, जिनमें शारीरिक हिंसा, मौखिक दुर्व्यवहार, धमकी, जबरन वसूली तथा गंभीर मानसिक उत्पीड़न शामिल है। कुछ मामलों में यह उत्पीड़न छात्रों के लिए अत्यधिक मानसिक तनाव और आत्महत्या जैसे दुखद परिणामों का कारण भी बनती है। एनएमसी द्वारा लागू एंटी-रैगिंग रेगुलेशंस 2021 के अनुसार यूजीसी नियमों के अनुरूप हैं, रैगिंग को लेकर कड़े प्रावधान लागू किया गया है, निलंबन, निष्कासन, प्रवेश निरस्तीकरण तथा आपराधिक कार्रवाई तक शामिल है। वेबिनार में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा रैगिंग की रोकथाम के लिए उठाए गए ठोस एवं प्रभावी संस्थागत कदमों की जानकारी साझा की गई। नवप्रवेशित छात्रों के लिए मेंटॉर–मेंट्री कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिससे छात्रों को प्रारंभिक समय से ही फैकल्टी एवं वरिष्ठों का मार्गदर्शन एवं भावनात्मक सहयोग मिल रहा है। सूचना के लिए संस्थान द्वारा हेल्पलाइन नंबर 9425502353 जारी किया गया है, वेबीनार में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति सहित, डॉ. आरती पांडे, डॉ. समीर पैकरा, डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ. रेखा बरापतरे, डॉ. सागरिका प्रधान, डॉ. चंद्रहास ध्रुव, डॉ. राजकुमार मरकाम, डॉ. विनोद टंडन, डॉ. नागेंद्र साहू एवं डॉ. केशव कश्यप उपस्थित रहे।

### शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ का नव वर्ष मिलन समारोह कल

**बिलासपुर।** छग शासकीय वाहन चालकों यांत्रिकी कर्मचारी संघ का बैठक एवं नव वर्ष मिलन समारोह जल संसाधन परिसर, घोंघा जलाशय (कोरी डेम)कोटा में 31 जनवरी को आयोजित किया गया है। समारोह में वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष मनीष सिंह ठाकुर , एवं प्रदेश प्रवक्ता जे के टंडन मुख्य अतिथि होंगे। जिला, जांजगीर चांपा, कोरबा, शक्ति, सारंगढ़, मुंगेली के वाहन चालक एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

---

## वीबीजी राम जी के कार्यों का होगा क्रियान्वयन



**बिलासपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। इस दौरान मनरेगा के नए कानून वीबीजी रामजी के संबंध में अध्यक्ष द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। जानकारी के दौरान बताया गया कि नए कानून में कार्यों का क्रियान्वयन पूरी तरह एआई प्रणाली के अंतर्गत किया जाएगा।

- अध्यक्ष ने नए कानून की विस्तार से दी जानकारी

जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को वीबीजी रामजी की विस्तार से जानकारी दी गई। नए कानून के अंतर्गत लोगों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। इस दौरान बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी रखा गया है। काम करने वालों को समय पर मजदूरी का भुगतान किए जाने की व्यवस्था है। इसमें ग्रामसभा द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना शामिल होगी।इसके अंतर्गत जल सुरक्षा संबंधी कार्यों को बढ़ावा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना का विकास, आजीविका के अवसर एवं अनुकूलन क्षमता का विकास शामिल किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण के माध्यम से कार्यों को संपन्न कराया जाएगा, जिसका क्रियान्वयन्पूरी तरह एआई तकनीक से किया जाएगा।

### यूजीसी बिल के विरोध में केशरवानी समाज सौंपेगा पीएम को ज्ञापन

**बिलासपुर।** केशरवानी वैश्य समाज कल्याण समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें संरक्षक ई. सुधीर गुप्ता ने बताया कि यूजीसी द्वारा सामान्य वर्ग के लिए बनाए गए बिल से सवर्णों की आने वाली पीढ़ी के लिए यूजीसी का काला कानून जिहाद के खतरे से कम साबित नहीं होगा। तत्कालिक लाभ के वशीभूत यदि हम अब भी यूजीसी के काले कानून पर मुक-बधिर बने रहे तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। सवर्ण समाज ने सदा ही देश, धर्म एवं संस्कृति रक्षा के लिए अपना सर्वस्व दिया है। यूजीसी क़ानून का यदि अभी विरोध नहीं किया गया तो भविष्य में एससी-एसटी एवं रिजर्वेशन की भाँति यूजीसी क़ानून को भी कभी भी समाप्त नहीं किया जा सकेगा । सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस काले कानून को खत्म करने स्वर्ण समाज जो भी निर्णय लेगा उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर केशरवानी समाज भी खड़ा रहेगा। बैठक में संरक्षक रोहित केशरवानी, धीरेंद्र केशरवानी, अध्यक्ष हेमंत केशरवानी, प्रदेश महिला समिति की संरक्षक प्रीति गुप्ता, महिला समिति के अध्यक्ष रंजीत केशरवानी, सचिव ऋचा केशरवानी, राकेश केशरवानी, दिनेश केशरवानी, बसंत केशरवानी आदि मौजूद थे।



## होंडा की प्रीमियम बाइक सेगमेंट शोरूम होंडा बिग विंग का शुभारंभ

**बिलासपुर।** होंडा की प्रीमियम बाइक सेगमेंट का शोरूम होंडा बिग विंग बिलासपुर का शुभारंभ 29 जनवरी को श्रीमती चंदा जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर बिग विंग बिलासपुर के डायरेक्टर गोपाल कृष्णा जायसवाल, सुमन जायसवाल, कुणाल जायसवाल, करण जायसवाल के साथ ही बिंग विंग के जोनल मैनेजर सेल्स सौरभ कुमार, जोनल मैनेजर सर्विस सचिन सराफ, एरिया मैनेजर सेल्स संदीप वैष्णव, एरिया मैनेजर सर्विस अनुराग शर्मा, डीलर डेवलपमेंट रजत महाजन, आईटी सेल डिपार्मेंट रत्नेश श्रीवास्तव, होंडा रेड विंग के जोनल मैनेजर सेल्स प्रतीक प्रणव, एरिया मैनेजर सेल्स आलोक राय एरिया, मैनेजर सर्विस बृजेश भगत, एरिया मैनेजर पार्ट्स दीपक दत्त होंडा बिंग विंग बिलासपुर, ड्रीम होंडा की पूरी टीम के साथ ही शहर के गण मान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर ड्रीम होंडा एवं बिटवीन बिलासपुर के डायरेक्टर श्री जायसवाल ने बताया कि यह शोरूम छत्तीसगढ़ का तीसरा एवं मध्य भारत का सबसे बड़ा शोरूम है। इस शोरूम में से होंडा की



बिजनेस प्लस

प्रीमियम बाइक्स उत्तर छत्तीसगढ़ (सरगुजा, बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरिमिरी, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा, मुंगेली, गौरेला - पेंड्रा - मरवाही एवं बिलासपुर) के बाइकर्स के लिए अब 200 सीसी से 350 सीसी एवं उससे ऊपर की प्रीमियम बाइक्स हार्नेट 2.0, एनएक्स 200, सीबी 300 एफ, सीबी 350 आरएस डीलक्स, सीबी 350 आरएस डील्क्स प्रो, सीबी 350 डीलक्स, सीबी 350 डील्क्स प्रो, एवं सीबी 350 एच एनईएसएस डीलक्स, सीबी 350 एच एनईएसएस डीलक्स प्रो., सीबी 350 एच एनईएसएस डीलक्स प्रो. सीएचआरओएमई अब आपके बिलासपुर में ही होंडा बिग विंग - अपने नए एक्सक्लूसिव वर्ल्ड क्लास शोरूम सेल्स, सर्विस, पार्ट्स एवं राइडिंग गियर एक्सेसरीज के साथ नए बस स्टैंड के सामने, नए मंडपम बिल्डिंग, रायपुर रोड, तिफरा बिलासपुर में उपलब्ध रहेगी। टाटा केपिटल, आईडीएफसी, सीएचओएलए - एल एण्ड टी एवं एचडीएफसी में कम से कम ब्याज दर 7.99% पर आसान फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। 5 फरवरी तक आरटीओ टैक्स में 50% का छूट है। आज पहले ही दिन शहर के अनिल कुमार सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, आनंद राव, राम जन्म कुर्रे ने होंडा की बाइक बुक कराया। बुकिंग एवं इन्क्वारी के लिए मोबाइल नंबर 9926909995 पर संपर्क करें।

---

## एलसीआईटी फार्मेसी के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**बिलासपुर।** एलसीआईटी फार्मेसी संकाय के शिक्षकों के साथ 100 छात्रों के बैच ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेंदरी स्थित दवा गोदाम एवं वितरण केंद्र का भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण को फार्मेसी शिक्षण के महत्वपूर्ण तरीकों में से एक माना जाता है। इसका उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक कार्य वातावरण, प्रौद्योगिकी एवं दवा प्रबंधन के व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराना है।

सीजीएमएससी दवा गोदाम एवं वितरण केंद्र में छात्रों को विभिन्न प्रकार की दवाइयां जैसे टेबलेट, कैप्सूल, सिरप, इंजेक्शन एवं वैक्सीन के भंडारण, इन्वेंटरी मैनेजमेंट, कोल्ड सप्लाई चैन एवं दवा प्रबंधन के विभिन्न तकनीकी विषयों पर जानकारी दी गई। दवा भंडारण केंद्र की सहायक प्रबंधक, सुनीता सिंह एवं उनकी टीम द्वारा छात्रों को भ्रमण कराया गया एवं भ्रमण के अंत में प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्रों की शंका का समाधान किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण के आयोजन में पंकज कुमार उपाध्याय, प्रभारी महाप्रबंधक, सीजीएमएससी लिमिटेड, नया रायपुर एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, डा. संदीप गुप्ता एवं उपप्राचार्या शुभी श्रीवास्तव का योगदान रहा।

## एनटीपीसी सीपत ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 24वां स्थापना दिवस



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत ने अपना 24वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। उन्होंने जिम्मेदार, विश्वसनीय एवं सतत विद्युत उत्पादन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। समारोह का शुभारंभ सीआईएसएफ जवानों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ, जिसके पश्चात परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सीपत, स्वपन कुमार मंडल द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी गीत का सामूहिक गायन तथा केक कटिंग समारोह भी आयोजित किया गया।

स्वपन कुमार मंडल ने कहा कि राज्य के सबसे बड़े विद्युत उत्पादक के रूप में एनटीपीसी सीपत देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एनटीपीसी सीपत के सुदृढ़ परिचालन प्रदर्शन पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न विभागों के योगदान की सराहना की। उन्होंने जानकारी दी कि निर्माणाधीन 800 मेगावाट की आगामी परियोजना का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। श्री मंडल ने बताया कि स्टेशन में सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित 660 मेगावाट की तीन इकाइयां संचालित हैं तथा यहां देश की पहली 765 केवी ट्रांसमिशन प्रणाली स्थापित है।

## प्रकृति को सहेजने की जिम्मेदारी हमारी है किसी और की नहीं



**बिलासपुर।** दीनबंधु फाउंडेशन द्वारा सीएमडी कॉलेज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण गतिविधि देवी संपदा मंडल युवा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राकेश जैन, सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर संजय दुबे, प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच महिला इकाई प्रमुख संध्या अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक गणेश, प्रांत संयोजक अक्षय अलकरी, जिला संयोजक हर्ष द्विवेदी थे। मुख्य वक्ता राकेश जैन ने पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि प्रकृति को सहेजने की जिम्मेदारी हमारी है किसी और कि नहीं। बेहिसाब कटते पेड़ों की पीड़ा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जन्म से मृत्यु तक लकड़ी की आवश्यकता होती है। पेड़ कम होंगे तो मनुष्य को अंतिम संस्कार के लिए भी लकड़ियों की कमी होने लगेगी। इस सम्मेलन में वाद विवाद का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सृष्टि सिंह, दिव्या वस्त्रकर , दिव्या राठौर,आकाश सोनी, अरुण साहू, योगेश चंद्राकर ,अभय चंद्राकर ,राहुल, शिक्षा कुर्रे ,दीनदयाल साहू, श्रुति केसरवानी एवं नितेश कुमार मोहले की भूमिका प्रमुख रही।

बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## दृष्टि यूथ फाउंडेशन ने किया भोजन वितरण सप्ताह में दो दिन की जा रही भोजन सेवा

**बिलासपुर।** दृष्टि यूथ फाउंडेशन द्वारा बिलासपुर रेलवे जंक्शन के बाहर भोजन वितरण किया गया। इस निःशुल्क भोजन सेवा में लगभग 4-5 सौ जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ, पौष्टिक भोजन सप्ताह में दो दिन परोसा जा रहा है।



दृष्टि यूथ फाउंडेशन के विपुल अग्रवाल एवं अनुराग तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत 6 माह से प्रति सप्ताह मंगलवार, शनिवार को जरूरतमंदों तक पहुंच कर भोजन वितरण किया जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा, धर्म संस्कृति, सामाजिक सेवा की ओर ले जाने, अपने दायित्व को निभाते हुए सही दिशा में कार्य करते रहना ही फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। वर्तमान समय में युवा वर्ग कई बार गलत गतिविधियों और भटकाव के शिकार हो जा रहे हैं। आने वाले समय में पशु-पक्षी कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी कार्य करने सार्थक पहल की जा रही है। भोजन वितरण कार्य में विपुल अग्रवाल, अनुराग तिवारी, पूरब गुप्ता, शौर्य तिवारी, ईशान, आर्यन अग्रवाल, आरव राय, निखिल, विवेक सोनी, अभिषेक अग्रवाल, मानस अरमो एवं आदित्य का सहयोग रहा।

जागरूकता

## 107 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंदों के लिए होगा रक्त का उपयोग



**बिलासपुर।** स्पॉट डोनर ब्लड ग्रुप, विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग बिलासपुर तथा न्यू जनरेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 107 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

न्यू जनरेशन स्टोर में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग इसके बाद शहर के जागरूक एवं सेवा भावी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। एकत्रित इस रक्त का उपयोग जरूरतमंद मरीजों, विशेष कर थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों के उपचार में किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

विभूति भूषण पांडेय, राजीव शर्मा, मनीष मोटवानी, संदीप गुप्ता, विंकू भाटिया, अभिषेक गौतम, नीरज जग्यासी, विवेक पंजवानी, बंटी मनोहर वाधवानी, नवनीत नामदेव, विशाल मनकानी, जय चंदानी, अविनाश मोटवानी, स्पॉट डोनर अध्यक्ष मनीष मेहरचंदानी, सुशांत बजाज, नवीन आर्या, नीरज गेमनानी, रवि भोजवानी, गोविंद बत्रा, नितेश रामानी, विकास खटवानी, यश आहूजा, संपूर्ण स्पॉट डोनर टीम, राजेश गंगवानी, हीरानंद छुगानी, संतोष नागदेव की उपस्थिति रही।

आयोजन

## स्वयं सिद्धा फाउंडेशन की नई पहल, स्वेटर का वितरण



**बिलासपुर।** स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा गुरूवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहतराई ,संकुल भरारी में एक 43 इंच स्मार्ट टीवी, स्वेटर एवं सीलिंग फैन शाला को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दीपमाला कश्यप जोनल एस. पी. बिलासपुर रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा व नवीन चंद्र दुबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि जोनल एसपी श्रीमती कश्यप ने उपस्थित बच्चों से बात करते हुए मोबाइल के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें बताया कि बेहतर भविष्य के लिए किस तरह से अपनी पढ़ाई को करें। मोबाइल के ज्यादा उपयोग से होने वाले परेशानियों से भी बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि मोबाइल का उपयोग कम ही करें। फाउंडेशन के अध्यक्ष व संरक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रयास किया जाता है कि सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर सके। फाउंडेशन को जानकारी मिली कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के पास स्वेटर नहीं है और स्मार्ट बोर्ड ना होने की वजह से बच्चों को तकनीकी शिक्षा में कई तरह की परेशानियां हो रही है इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट बोर्ड और बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया।

शिविर

## सेजवानी के साधना शिविर में शहर के 51 लोगों ने भाग लेकर लिया स्वास्थ्य लाभ



**बिलासपुर।** शहर के 51 लोगों ने गुप्त नवरात्रि पर सेजवानी में आयोजित साधना शिविर में भाग लिया। इस दौरान सन टू ह्यूमन फाउण्डेशन के संस्थापक पूज्य परम आलय ने बताया कि शरीर, मन व चेतना की समझ ही मोक्ष का मार्ग है।

प्रकृति के यूनिवर्सल नियमों का पालन कर मनुष्य अपनी बीमारियों, आपसी झगड़े, तनावों से मुक्त होकर शांतिपूर्ण जीवन यापन कर सकता है। इंदौर के पास 17 एकड़ के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में आधुनिक सुखसुविधा युक्त वातावरण में सुबह की सतत साधना के बाद गुरु के सानिध्य में देश-विदेश के विद्वानों की चर्चित पुस्तकों का पठन, शून्य के नाद श्रवण व तन मन धन को संतुलित करते हुए मोक्ष मार्ग प्राप्त करने का साक्षात प्रयोग सन टू ह्यूमन फाउण्डेशन के संस्थापक पूज्य परम आलय ने करवाया। उक्त प्रयोगों से बिलासपुर से ललित अग्रवाल, निशा, नरेश अग्रवाल, रायपुर से योगेश अग्रवाल, मुकेश जैन, कैलाश बजाज सहित देश-विदेश से हजारों जिज्ञासु साधकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

**मार्च महिने में 101 साधकों की रहेगी सहभागिता**

# टैट के पेपर में 48 हजार अभ्यर्थी, 152 केन्द्रों में होगी परीक्षा



व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार को जिले में टैट के एग्जाम में अभ्यर्थी परीक्षा को दिलवाएंगे।

**बिलासपुर।** परीक्षा 1 फरवरी को आयोजित की जाएगी,इस वर्ष की पहली बड़ी परीक्षा व्यापम लेने जा रही है। जिसके पहली पाली में सुबह 9:30 से दोपहर 12:15 बजे तक 54 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। जिसमें 18 हजार 116 अभ्यर्थी और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 बजे तक में 30 हजार 309 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिसके लिए 98 परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। दो पालियों के लिए 152 सेंटर बनाएं गए है, जिसमें कुल 48 हजार 425 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है।

पहली पाली के लिए मुख्य द्वार सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 2:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त जांच से गुजरना होगा। सुबह की पाली में प्राईमरी



शिक्षकों के लिए परीक्षा होगी और दूसरी पाली में मीडिल कक्षाओं के शिक्षकों की परीक्षा ली जाएगी। बड़ी संख्या में जिले के आसपास से अभ्यर्थी और उनके साथ अभिभावक पहुंचेगे जिससे शहर ट्रैफिक व्यवस्था भी परीक्षा छूटने के समय मुख्य मार्गो का आवागमन प्रभावित रहेगा।

**यातायात होगा बाधित**

शहर के सभी केन्द्रों में इस परीक्षा के लिए सेंटर बनाएं गए है, जिसमें शामिल होने अभ्यर्थी और उनके साथ परिजन भी पहुंचेगे। सभी सेंटर मुख्य मार्गो में होने से परीक्षा छूटने के समय यातायात बाधित हो सकता है। रविवार को आमजन से अपील है कि दोपहर के सवा बारह बजे और शाम को पौने छह बजे इन समय के पहले मुख्य मार्गो से काम का निपटा ले अन्यथा यतायात में फंस सकते है।

### प्रवेश पत्र के निर्देशों को ध्यान से पढे

डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर ने बताया कि अभ्यर्थी प्रवेश पत्र को बारीकी से पढ़े और उसका पालन करें। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र आना होगा। काले, गहरे नीले, हरे, बैंगनी, मैरून और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी। बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहना जा सकता है, लेकिन जांच के समय स्वेटर उतारकर दिखाना होगा। परीक्षा के दौरान चप्पल पहनने की अनुमति है, लेकिन कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित रहेगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अनुचित साधनों का उपयोग करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीपीएस के खेल दिवस पर रेस और गेम में शामिल हुए बच्चे, अभिभावक





**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीपी डब्ल्यू विंग में खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल जसपाल सिंह माथ एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर किया गया। इसके पश्चात नर्सरी, एलकेजी,यूकेजी के विद्यार्थियों ने आकर्षक पीटी एवं ड्रिल प्रस्तुत किया।

इसमें बच्चों ने अपने तालमेल और शारीरिक फुर्ती का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया जैसे- फ्लैट रेस सैक रेस, बैलेंस रेस, सौकर रेस आदि। इस खेल दिवस में न सिर्फ बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं थी बल्कि उनके अभिभावकों के लिए भी अनेक प्रकार के फन गेम्स का आयोजन किया गया था। अभिभावकों ने भी इन प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों के साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। बच्चों और अभिभावकों के बाद हमारे पीपी डब्ल्यू विंग की शिक्षिकाओं ने भी रेस और गेम में अपनी भागीदारी प्रस्तुत की।

**जूना बिलासपुर व्यापारी संघ ने दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि**

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में दृष्टिबाधितों ने गाए देशभक्ति गीत

जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसमें दृष्टिबाधित कु. पूजा और मास्टर पृथ्वीराज ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद देशभक्ति गीत प्रस्तुति का दौर चला। दृष्टिबाधित कु. पूजा और मास्टर पृथ्वीराज ने गीत-मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं, उनकी जरा याद करो कुर्बानी.. पेश कर लोगों का दिल जीत लिया। कु. पूजा ने गीत-दिल दिया है जान भी देंगे , ऐ वतन तेरे लिए...जैसे अनेक देशभक्ति गीत गाकर व्यापारियों को मंत्र मुग्ध किया। अंत में पूजा एवं पृथ्वी राज को कंबल प्रदान किया गया। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम सभी संविधान व अपने कर्तव्यों का पालन करने के साथ ही हमें प्राप्त अधिकारों का सदुपयोग करें। हमारा संविधान हमारी संस्कृति, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है।

### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में संघ के संचार मंत्री चंदूलाल, सखाराम देवांगन, किशोरी शरण गुप्ता, राजेश, अखिलेश गुप्ता, गुरबख्श, बलराम हरियाणवी, कन्हैया मोटवानी, श्याम हरियाणवी, भरत देवांगन, भरत, आनंद, विवेक साहू, चंद्रकांत, विजय गुप्ता, गजाधर, किशोर देवांगन, अनिल रजक, सुरेश देवांगन, अमरजीत गांधी, मनीष गुप्ता, सूर्यकांत देवांगन, राजेश ठाकुर सहित अन्य सभी व्यापारी भाईयों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## जया एकादशी पर भगवान श्याम का फूलों से श्रृंगार

जया एकादशी पर घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में भगवान श्याम की विशेष पूजा कर फूलों से श्रृंगार किया गया। राम मंदिर तिलकनगर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इसमें श्याम भक्तों ने श्रद्धा व उत्साह से भाग लिया।



**बिलासपुर।** जया एकादशी माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है, जो पापों से मुक्ति, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है और मोक्ष प्रदान करने वाला माना जाता है। इससे भूत-प्रेत बाधा और दरिद्रता का नाश होता है।

मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से अनजाने में हुए पाप भी धुल जाते हैं और जीवन में विजय प्राप्त होती है। इसी महत्ता के चलते श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली प्रत्येक एकादशी को विशेष रूप से मनाई जाती है। जया एकादशी पर भी गुरुवार को एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो कि राम मंदिर तिलकर नगर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। यहां श्याम भक्तों ने मंदिर में निशान अर्पित की। वहीं भगवान श्याम की विशेष पूजा कर महानगरों से मंगाए गए फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान का दर्शन, पूजन करने भक्तों का आना-जाना चलता रहा।

**राम मंदिर तिलकनगर से निकाली गई भव्य निशान यात्रा**



### होती है विशेष फल की प्राप्ति

जया एकादशी पर व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार जया एकादशी का व्रत करने से भूत पिशाच की योनि से मुक्ति मिल सकती है। ज्योतिष शास्त्र में जया एकादशी के दिन दान करने का भी खास महत्व बताया गया है। ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आर्थिक समस्याओं से भी मुक्ति मिल सकती है।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

## बिलासपुर की टीम बनी चैंपियन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर 19 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता 2026- 27 का आयोजन हुआ। बिलासपुर टीम ने लीग में 4 में से 3 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उसके सेमीफाइनल में रायपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई, फाइनल मैच का आयोजन कांकेर के मैदान में खेला गया। जिसमें बिलासपुर अपना फाइनल मैच रायपुर ब्लू के मध्य खेलने उतरी थी बिलासपुर के कप्तान धनंजय नायक ने फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। और बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 97.3 ओवर में 296 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई थी।



बिलासपुर की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए आर्यन सिंह ने सबसे अधिक 81 रनों का योगदान दिया आदित्य ब्यादवाल ने 41 रन आर्यन एम सिंह ने 38 रन और आदित्य श्रीवास्तव ने 36 बनाए थे। रायपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए अगमजोत सिंह ने तीन विकेट मोहम्मद फैज खान और वेदांत जैन ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी खेलते हुए 34 ओवर में मात्र 66 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई कोई भी बल्लेबाज धनंजय नायक और सक्षम चौबे की घातक गेंदबाजी सामने नतमस्तक हो गए। रायपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए एक मात्र बल्लेबाज अगम जोत सिंह ने दहाई का आंकड़ा पार कर पाया जिसने 30 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक ने शानदार पांच विकेट प्राप्त किया और सक्षम चौबे ने चार विकेट प्राप्त किया।

## पीजीबीटी कॉलेज के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में वार्षिकोत्सव सत्र 2025-26 का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं डीआईजी रजनेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलन, धावक परिक्रमा एवं मशाल स्थापना के साथ हुई, जिसे बीएड प्रशिक्षार्थी भारती एवं रविशंकर ने संपन्न किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य मीता मुखर्जी सहित प्रशिक्षार्थियों एवं आचार्यो द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक पुष्प से अभिनंदन किया गया। संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने मास्टर आफ सेरेमनी करीम खान के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके उपरांत स्वागत गीत और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा। आकर्षण का केंद्र छत्तीसगढ़ी 'बारामासी' नृत्य तथा बंगाली नृत्य 'झुमुर' रहा, जिसमें प्रशिक्षार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



विशिष्ट अतिथि रजनेश सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में शिक्षा के नैतिक मूल्यों, संस्कार निर्माण, अध्यात्म, ऊर्जा की अवधारणा एवं आधुनिक तकनीक जैसे एआई पर सारगर्भित विचार रखे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य पर निरंतर कार्य करने, सामाजिक दायित्व निभाने एवं जीवन में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए प्रशिक्षार्थियों द्वारा किये गये शानदार मार्च-पास्ट एवं बैंड वादन की खूब तारीफ की तथा अनुशासनबद्ध तरिके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### राज्य विद्युत वितरण कंपनी का रजत महोत्सव आज

**सीपत।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदेश गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीपत विद्युत विभाग की ओर से 30 जनवरी को सीपत में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल होंगे। यह जानकारी सीपत विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कौशल जायसवाल ने दी।

### लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं पर्वतदान महोत्सव आज से

**लोरमी।** ग्राम रैतरा कला में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं पर्वतदान महोत्सव 30 जनवरी को यज्ञ मंडप निर्माण, पर्वतों को स्थापित किया जाएगा। माघ शुक्ल पक्ष 31 जनवरी मंगल कलश यात्रा, वेदी, देव आवाहन स्थापना, हवन एवं 1 फरवरी देव पूजन, पर्वत दान, पुर्णाहुति, प्रसाद वितरण किया जाएगा। पं प्रमोद शास्त्री विधि-विधान से विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कराएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने झम्मन प्रसाद शास्त्री, गीता प्रसाद शास्त्री, धनंजय दुबे, रतन लाल पांडेय सहित अन्य जुटे हैं।

### कांग्रेस का सांकेतिक चक्काजाम आज

**मुंगेली।** कांग्रेस कमेटी की ओर से किसानों की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्काजाम का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी आगामी 30 जनवरी को जिला एवं सभी ब्लॉक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के साथ सांकेतिक चक्काजाम प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि, प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप में किए गए बदलाव उसकी आत्मा को मारने के समान हैं, जिसका कांग्रेस पार्टी लगातार पुरजोर विरोध कर रही है।

## निधन

### कौशल्या देवी मिश्रा



**बिलासपुर।** मेन रोड दयालबंद निवासी कौशल्या देवी मिश्रा का निधन 26 जनवरी 2026 को कानपुर उत्तरप्रदेश में हो गया। उनका अंतिम संस्कार कानपुर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राधेश्याम मिश्रा की पत्नी, आलोक, स्व. अनिल, स्व. राकेश एवं सुषमा तिवारी की माता थीं।

### रामावतार गुप्ता



**बिलासपुर।** पूर्व प्रधानपाठक सरकंडा निवासी रामावतार गुप्ता (गुड़ी वाले) का 28 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया । वे गीता गुप्ता के पति, प्रियंका, प्रफुल्ल, प्रशांत और प्रेम के पिता थे। 0000000

### कुसुम देवी कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम पांड निवासी कुसुम देवी कौशिक का 80 वर्ष की आयु में 29 जनवरी को निधन हो गया। वे शीतल देवी, गीता देवी, मोंगरा बाई, केवरा बाई कौशिक की माता एवं शुभम कौशिक की दादी थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पांड़ में किया गया।

## गृहग्राम लोहड़िया में नवधा रामायण में शामिल हुए डिप्टी सीएम

# युवाओं को संस्कारवान बनाने श्रीराम चरित मानस का पाठ करना आवश्यक : साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने गुरुवार की शाम अपने गृहग्राम लोहड़िया में आयोजित श्रीरामचरित मानस अखंड नवधा रामायण में शामिल होकर श्री राम कथा का श्रवण किया। इसके साथ ही गांव के सियान एवं महतारी से सुखद संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, गांव में लगातार नवधा रामायण का आयोजन हो रहा है।

यह गांव की नई पीढ़ी के संस्कार के लिए आवश्यक है। श्री साव ने ग्रामीणों से कहा कि, आप सभी के प्रेम और संस्कार की बदौलत आज गांव का यह बेटा लोहड़िया के बेटे के नाम से जाना जाता है। साथ ही गांव के और बहुत से लोग नाम और प्रतिष्ठा कमा रहे हैं। गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, यह मेरा सिर्फ गांव नहीं है, यह मेरा परिवार है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, लोहड़िया आता हूं तो बचपन की तरह ऊर्जा और उत्साह मिलती है, सिर्फ यहां आने से मन में प्रसन्नता होती है। श्री साव ने कहा कि, भगवान राम ने वनवास काल में सबसे ज्यादा समय छत्तीसगढ़ में बिताया है। यहां कण-कण में भगवान राम विराजमान है। यहां उनकी विशेष कृपा, आशीर्वाद से खुशहाली और तरक्की है। उन्होंने कहा कि, भारत को माता की और छत्तीसगढ़ को महतारी की संज्ञा मिली है। इससे पता चलता है कि, छत्तीसगढ़ की धरती कितनी पावन है। यहां के कण कण में राम बसे हैं। श्री साव ने कहा कि, भगवान राम के चरित्र का महत्व है। भारत में कई ग्रंथ है लेकिन उसमें मानस शब्द नहीं है। केवल राम कथा में मानस शब्द है। मन को मानस कहा गया है। भगवान राम के चरित्र हमारे मन में हो, इसलिए रामचरित मानस कहते हैं। प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र में चलकर हम जीवन को धन्य बनाते हैं।

## माइंड्स आई स्कूल के वार्षिक सम्मेलन का किया शुभारंभ



**मुंगेली।** माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक सम्मेलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला सीओ प्रभाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत–प्रोत कर दिया। वार्षिक सम्मेलन में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मिड ब्रेन एक्टिवेशन, अबाकस एवं कैलेंडर एक्टिविटी की प्रस्तुति रही। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कम समय में कठिन गणनाएं कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, ऐसे विद्यालय समाज को नई दिशा देते हैं, जहां शिक्षा के साथ संस्कार और कौशल का समन्वय किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का महत्व बताया, जबकि जिला सीओ प्रभाकर पाण्डेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# संस्कृति की फसल चेतना है, भाषा की खेती साहित्य

## अग्रसेन कॉलेज में भारतीय भाषा परिवार पर संगोष्ठी




**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में 28 जनवरी को 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। भारतीय भाषा समिति नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न अकादमिक सत्रों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत पर गहन चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विवि कुलपति एडीएन वाजपेयी ने अपना उद्बोधन छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ शुरू किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा को हृदय के अत्यधिक समीप बताते हुए इस सम्मेलन को छात्र- छात्राओं को जागृत करने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि, 5 कोस में पानी व 10 कोस में बानी का परिवर्तन भारत में देखा जाता है। यह कहावत उनके ज्ञानवर्धन, मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। छात्रों और प्राध्यापकों को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता प्रो चितरंजन कर ने कहा कि, शब्द ब्रह्म है, भाषा हमारी चेतना है। जब तक हम बोल रहे हैं, तब तक दम जिंदा हैं। संस्कृति की फसल चेतना है, भाषा की खेती साहित्य है। इस अवसर पर 'भारतीय भाषा परिवार' पर केंद्रित कॉन्फ्रेंस सोवेनियर का विमोचन भी किया गया। प्रो नीलाद्रि शेखर दास कोलकाता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय भाषा परिवार पर व्याख्यान दिया। प्रो रामास्वामी सुब्रमणि और डॉ संजय अनंत ने भी 'भारतीय भाषाओं के समग्र विकास में समन्वय की आवश्यकता' विषय पर अपने विचार साझा किए। प्रो वाराप्रसाद कोल्ला ने 'भारतीय भाषाओं में विज्ञानः परंपरा से आधुनिकता तक' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं डॉ उमाशंकर पांडेय ने भाषाओं में एकरूपता के स्रोतों पर चर्चा की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो आईडी तिवारी ने कहा कि, भाषा से देश का निर्माण होता है। भाषा सृजन के चाकू के समान होती है। कार्यक्रम में साहित्यकार एके शर्मा ने स्वरचित कविता का पाठ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया और संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा भी अतिथियों का स्वागत किया। दिन के सत्र समाप्ति उपरांत एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य आकर्षण प्रो स्वाति चंदोरकर द्वारा निर्देशित कलासेतु टीम शासकीय महाविद्यालय नरसिंहपुर मध्यप्रदेश द्वारा मंचित 'कैकेयी' नाटक का मंचन रहा। कार्यक्रम में डॉ पीके पाण्डेय, डॉ केके भण्डारी, डॉ उमेश श्रीवास्तव, डॉ जेएन केसरवानी, प्रो के अहमद एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।

### श्रमिकों को दी गई मनरेगा बचाओ अभियान की जानकारी

**लोरमी।** ग्राम खपरीकला डुमरहा में 'मनरेगा बचाओ अभियान' को तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लल्ला ठाकुर एवं मंडल कांग्रेस हेमंत दास मानिकपुरी व मनरेगा बचाओ ब्लॉक प्रभारी थानेश्वर साहू, अशोक चंद्राकर ने मनरेगा कार्यस्थल पहुंचकर मनरेगा श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों के साथ केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के नियमों में किए जा रहे बदलाव को लेकर चर्चा की। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लाला साहू, सुग्रीव चंद्राकर, पवन बंजारा, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री कृष्णा सोनी, कुलदीप कोसले, धनंजय कोशले, सोनिया मनहरण आडिले सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अंतर्राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए धनेश का चयन



**मल्हार।** वेद परसदा निवासी युवा समाजसेवी धनेश रजक का चयन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। धनेश रजक वेद परसदा स्थित निवारण शिक्षण समाज कल्याण समिति से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं तथा वर्तमान में संस्था के अध्यक्ष हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि, यह चयन न केवल संस्था बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। चयन के उपरांत धनेश छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश एवं गोवा की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा पर जाएंगे। यह कार्यक्रम मेरा भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना, विविधता की समझ विकसित करना तथा युवाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।

# गर्ल्स स्कूल में छात्राओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय तखतपुर में विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं की छात्राओं को निशुल्कर सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर धर्मजीत ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि, बालिकाओं की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य को संवारती है।

■ बालिकाओं की शिक्षा परिवार नहीं, पूरे समाज का भविष्य संवारती है: धर्मजीत

सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य यही है कि दूरी, साधन और असुविधा जैसी बाधाएं बालिकाओं की शिक्षा में कभी आड़े न आएं। उन्होंने आगे कहा कि, साइकिल मिलने से छात्राओं की नियमित विद्यालय उपस्थिति बढ़ेगी, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे बिना किसी संकोच के अपने शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ सकेंगी। विधायक ने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, आत्मनिर्भर बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि, शासन की यह योजना ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्र की बालिकाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। जितेंद्र शुक्ला ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को इस सुविधा का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर नैन लाल साहू, दिनेश राजपूत, अमित मंदानी, कृष्ण कुमार साहू, गुलजीत



खुराना, मीना सिंह ठाकुर, श्यामा रामानंदी, शिप्रा सैमुएल, बलिराम सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, मिनाज खान, स्वीटी सिंह,पारुल यादव, दिव्या पांडे, आमोद एक्का, गिरधारी वैष्णव, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा, राम सहाय पाठक, हीरा दास मेरसा संहित अन्य उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 343 लोगों की जांच

**लोरमी।** राजपूत युवा मोर्चा की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 343 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर में एमडी डॉ कमल सिंह कैंसर स्पेशलिस्ट, डॉ अनिल डनसेना छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ कमलेश सतपाल नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, डॉ गौरव सिंह परिहार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ सोनम जुनेजा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अखिलेश प्रताप सिंह जनरल फिजिशियन, डॉ आकाश गर्ग पेट उदर रोग विशेषज्ञ, सिंह पैथोलॉजी अभिजीत सिंह, डायटिशन, कुसुम राजपूत, नवीन अग्रवाल ने दवाई वितरण कर सेवाएं दी।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /Q/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 28/01/2026

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36, तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित /कृषि भूमि खसरा नंबर 12 रकबा 1140 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में **गुड्डा तिवारी** दक्षिण में **गुप्ता का मकान** पूर्व में **तिवारी का मकान** पश्चिम में **राजेश नामदेव** है, आवेदन अनुसार आवेदक/ उनके पूर्वज दिनांक.....को रजिस्ट्री से प्राप्त होने से कि आवेदक **श्री विजय कुमार देवांगन** पिता **श्री अमृतलाल देवांगन** निवासी **कृष्णा नगर जूना बिलासपुर** तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 12/02/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 13/01/2026

प्रति, 1. आवेदक मीता भारत पिता स्व. मनजीत भारत आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका बिलासपुर (छ.ग.) एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय :– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2025 बिलासपुर, दिनांक 19/12/2025
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2338/4 रकबा 0.022 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मीता भारत निवासी कुदुदण्ड के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 05/02/26 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

मैं सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, पिता स्व. एस.सी.ठाकुर निवासी प्रेम अपार्टमेंट, फ्लैट नं.-301, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर, तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो निम्न आशय का सर्वसाधारण को आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूँ कि मेरे द्वारा श्री राकेश गुलाल पिता स्व. भैयालाल निवासी इंदू चौक के पास रायपुर रोड़ जरहाभाठा बिलासपुर थाना सिविल लाईनतहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि मोहल्ला–जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित नजूल भूमि शीट नं.–04 प्लाट नं. 16, 68/63 रकबा 2665 वर्गफुट को क्रय किये जाने का पक्का सौदा वर्ष 2008 में किया गया है। ऐसी स्थिति में इस आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूँ कि उपरोक्त भूमि के खरीदी बिकी के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न करें। यदि किसी व्यक्ति, संस्था के द्वारा खरीदी बिकी की कार्यवाही किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैधानिक एवं शून्य माना जावेगा। जिसके संबंध में मेरे द्वारा विवश होकर न्यायालयीन / कानूनी कार्यवाही किया जायेगा। जिसके सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।
सो सूचना जानिये।

**भवदीय**
**सुरेन्द्र सिंह ठाकुर**
**मो. नं.- 9399101029**

# रजबंधा तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन, 2 करोड़ होंगे खर्च



**सकरी।** रजबंधा तालाब सिर्फ एक जलस्रोत नहीं, बल्कि उसलापुर की पहचान है। इसके संरक्षण एवं संवर्धन की शुरुआत सौंदर्यीकरण कार्य से हो रही है। इससे भू-जल स्तर बढ़ेगा, वर्षा जल का संचयन होगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को एक आकर्षक पर्यटन स्थल भी मिलेगा। उक्त बातें वार्ड क्रमांक 3 उसलापुर स्थित रजबंधा तालाब सौंदर्यीकरण के भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही।

उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने निर्देशित किया। बिलासपुर महापौर पूजा विधानी ने कहा कि, तालाब का सौंदर्यीकरण केवल शासन का ही कार्य नहीं, बल्कि ये हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी को इसके संरक्षण के लिए एकजुट हो कर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि जल का संरक्षण हो सके। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, आज विधायक धर्मजीत सिंह के विशेष प्रयास से उसलापुर के लोगो की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। सकरी जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी ने स्थानीय जनों से तालाब को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, एमआईसी मेंबर कुसुम महाबली कोसले, स्थानीय पार्षद किरण राजेन्द्र टंडन ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सरपंच रामचंद्र यादव, अशोक ठाकुर, छेदी रात्रे, बीआर महोबिया, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामनारायण यादव, जंतु मरकाम, छतौना सरपंच राधिका कौशिक, अमर गुप्ता, शैलेन्द्र कौशिक, राकेश कौशिक, राजेश देवांगन, संजय यादव, प्रशांत गुप्ता, राजकमल साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### मुंगेली जिले में सामूहिक विवाह कार्यक्रम 10 को

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 10 फरवरी को जिला स्तरीय भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन में प्रवेश कराने की पहल की जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**
दिनांक 28/01/2026

प्रति,
1. बृजेश साहू, 2. छत्रपाल सिंह, 3. छेदीलाल, 4. संजय राजगीर 5. नरेन्द्र पटेल, 6. रजत कुमार सिंह, 7. भैरव प्रसाद, 8. सुभाष, 9. मनोज, 10. करूण राठौर, 11. देवीलाल 12. मुन्नालाल प्रजापति, 13. शैलेश प्रजापति, 14. दीपक प्रजापति
**विषय-सीमांकन/स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत।**
संदर्भ : न्याया.अ.वि.अ./तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ना. तहसीलदार के ज्ञापन क्र/क/ अति.तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 01/01/2026

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर अंतर्गत आवेदक दक्ष डेवलपर्स (बृजेश साहू) पिता एस.आर. साहू निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई स्थित भूमि ख.नं. 723/3, 728/2, 726/2, 726/4, 706/1, 727/2, 727/1, रकबा 0.0910, 0.2030, 0.4410, 0.4410, 0.0770, 0.0910, 0.2020 हे. का सीमांकन/स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षण/ गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से संबंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 03.02.2026 को प्रातः/दोपहर 11.00 से 5.00 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने कि दिशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/स्थल जांच किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

**रमेश कुमार वैष्णव**
**पटवारी**
**हल्का नंबर 25 रा.नि.मं. कोनी**
**तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क//वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनाँक 06.01.2026

श्री प्रसन्ना कुमार पोथाला आत्मज स्व. वेंकट राव पोथाला उम्र 30 वर्ष निवासी हेमु नगर, गली नंबर-09 केशव मुर्राभट्ठा रोड बिलासपुर थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी रोज रानी आत्मजा श्री पी. ओम प्रकाश उम्र 30 वर्ष निवासी वायरलेस कालोनी, वा.क्र. 50 छोटी भारत माता स्कूल थाना तोरवा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम- 1954 की धारा- 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 12.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


प्रसन्ना कुमार पोथाला


कु.रोज रानी

**विवाह अधिकारी,**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला–बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क्रमांक/सीमांकन/ रा.नि./2026
दिनांक 16/1/26

आवेदक शंभु दुबे आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. विनय सिंह 2. एस.पी. श्रीवास 3. राकेश कुमार
विषय– सीमांकन के संबंध में।
न्यायालय तहसीलदार /अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.. तह./ अति.तह./ना.तह./व... 2025 बिलासपुर दिनांक 19/11/25
ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं.43 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला – बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 138/31 रकबा 0.0210 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका शंभु दुबे पिता/प. कुलदीप दुबे निवासी.... जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 17/02/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग)**
**//ज्ञापन//**
क्र./ / तह. 2021 सकरी दिनांक 15/1/2026
प्रति, 01. राजस्व निरीक्षक सकरी तहसील सकरी
02. प.ह.नं. 43 ग्राम अमेरी
विषय :– सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

आवेदक माखन समुन्द्र पिता स्व. मूलचन्द समुन्द निवासी संत रविदास नगर करबला रोड बिलासपुर तहसील... जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 तहसील सकरी, जिला– बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 235/5 रकबा 0.200 हे. भूमि .हे. भूमि सीमांकन कराने हेतु छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत शुल्क 100/– रूपये चालान की प्रति व नक्शा, खसरा बी–1 की नकल सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
वाद भूमि की चौहद्दी निम्नानुसार है:–
**उत्तर में लाच्या बाई, दक्षिण में विक्रेता का खेत पूर्व में भाऊ का खेत, पश्चिम में दुआ का खेत**

अतः छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 129 के प्रावधानों के अनुसार आवेदित भूमि का सीमांकन आवेदिका एवं पडोसी कृषकों की उपस्थिति में करे यदि नक्शा बटांकन न हुआ हो तो लाल स्याही से नक्शा में बटांकन करते हुये सीमांकन कर प्रतिवेदन मय पंचनामा, नक्शा, खसरा, फील्ड बुक, नजरी नक्शा के दो–दो प्रतियाें में दिनांक 06/02/2026 के पूर्व तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**तहसीलदार सकरी**

**समक्षः नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं मनोज कुमार घारू उम्र 45 वर्ष पिता रामचन्द्र घारू, निवासी–बिलासा डेयरी कुटीपारा के पास, मोपका बिलासपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:–
(1) यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि मेरे पुत्र ऐहम घारू से बदलकर सियोन घारू कर लिया है। अब मेरा पुत्र सियोन घारू के नाम से जाना पहचाना जाता है। नाम परिवर्तन के समर्थन में सूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ जिस संबंध में शपथ–पत्र प्रस्तुत है।
(3) यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं गया है यदि भविष्य में जानकारी असत्य पायी जाती है तो संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**मनोज कुमार घारू**
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की क्र. 1 से 3 तक की जानकारी मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक 29/01/2026 को बिलासपुर में सत्यापित कर हस्ताक्षर किया गया।

**मनोज कुमार घारू**
**शपथकर्ता**

**समक्ष नोटरी सिविल, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं लक्ष्मीन बाई आयु 46 साल पति सुदामा प्रसाद निवासी ग्राम खरकेना पो.हिर्री तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक करती हूँ:–
(1) यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
(2) यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 9152 2620 4758 है जिसमें मेरा नाम लक्ष्मीन बाई पति सुदामा प्रसाद दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
(3) यह कि मेरा एक बचत खाता क्रमांक – 24540911558 है जिसमें मेरा नाम लक्ष्मीन बाई साहू दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।
(4) यह कि मेरा एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर (छ.ग.) के पॉलिसी क्रमांक– 359057224 है जिसमें मेरा नाम लक्ष्मी बाई साहू पति सुदामा प्रसाद साहू दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
(5) यह कि मैं उक्त नाम लक्ष्मीन बाई एवं लक्ष्मी बाई साहू दोनों नाम की है एक ही महिला हूँ।
(6) यह कि यदि मेरे उक्त नाम बाबत किसी भी प्रकार का कोई विचार उत्पन्न होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
(7) यह कि मैं यह शपथपत्र अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित करती हूँ।

**लक्ष्मीन बाई साहू**
**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं लक्ष्मीन बाई, शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 7 में लिखी बातें मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य व सही है। आज दिनांक–29/01/2026 को बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**लक्ष्मीन बाई साहू**
**शपथकर्ती**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल–सिरगिटटी तहसील–बिलासपुर जिला–बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क्रमांक..../.../ सीमांकन/रा.नि./2024
दिनांक 23/01/26

आवेदक ऋषभ तिवारी पिता राजेश तिवारी आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1 विजय राजपाल पिता केशरी सिंह 2 मनमोहन कौर 3 व्योमकेश त्रिवेदी
विषय– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र..../तह./ ना.तह./वा.../2024
बिलासपुर दिनांक 08/01/26
ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 222/2 रकबा 0.150 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका ऋषभ तिवारी पि./प. राजेश निवासी तिफरा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12/02/26 को समय 10 से 6 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल–सिरगिटटी तहसील–बिलासपुर जिला–बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क्रमांक..../.../ सीमांकन/रा.नि./2024
दिनांक 23/01/26

आवेदक व्योमकेश त्रिवेदी पिता गया प्रसाद आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1 हरमेन्द्र सिंह 2 ऋषभ तिवारी 3 CSIDC जिला उद्योग विभाग
विषय– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र..../तह./ ना.तह./वा.../2024 बिलासपुर दिनांक ....
ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 222/2, 217/39 रकबा 0.190, 0.007 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका व्योमकेश त्रिवेदी पि./प. गया प्रसाद निवासी तिफरा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12/02/26 को समय 10 से 6 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**



## खबर संक्षेप

### लगरा में लगा सात दिवसीय शिविर गौपालन पर दिया गया मार्गदर्शन



**लोरमी।** लगरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ, जो प्रातः जागरण, प्रार्थना, व्यायाम, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, देशी खेल, सांध्यकालीन विमर्श के साथ संपन्न हुआ। बौद्धिक परिचर्चा में गौपालन एवं संवर्धन उपसंचालक डॉ राधेश्याम मणि त्रिपाठी, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वय केके कोशले एवं मन्तराम सप्रे ने गौपालन एवं गौ उत्पादों से लोगों को होने वाले लाभों के संबंध में मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मूनषराम साहू, सुनीता तम्बोली, भारती उइके, अपेक्षा लाल, कुसुमलता साहू, शिशुपाल यादव, अजय कुमार राठौर, दशोमति ध्रुव एवं बीरबल सोनकर उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों व अर्धसैनिक बल के जवानों का सम्मान



**लोरमी।** ग्राम बिजराकापा कला हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें पिछले वर्ष दसवीं एवं बारहवीं में वरीयता के अनुसार स्थान बनाने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही साथ क्षेत्र के अर्धसैनिक बलों में चयनित युवाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंती जायसवाल जिला पंचायत सदस्य, चंपा प्रदीप साहू जनपद सदस्य, उमाशंकर सिंह शिक्षक, ताम्रध्वज कश्यप, खेदु सिंह क्षत्री, इंद्राणी जायसवाल अध्यक्ष ओम आदित्य शिक्षण समिति, संरक्षक दीनानाथ जायसवाल, प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार, शिक्षक भरत कश्यप, राकेश कश्यप, ऋषि यादव, जोगेश लहरे, धर्मेंद्र गेंदले, दिलेश सोनवानी, मोनिन्द्र सिंह, शालनी जायसवाल, काजल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, मीना कुलमित्र, चंद्रकांत जायसवाल परस कश्यप, ज्योति राजपूत, सूर्यभान सिंह, लक्ष्मी राजपूत, दौलत जायसवाल, कपिल सिंह ध्रुव, श्रद्धा कश्यप सहित हरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### गुप्त नवरात्रि में सिद्धबाबा मंदिर देवी भागवत



**कोटा।** करगीरोड कोटा के हृदयस्थल में प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित थाना कोटा के पीछे पहाड़ी में सिद्धबाबा मंदिर में कोटा के वरिष्ठ भाजपा नेता वार्ड नंबर 9 के पार्षद वेंकट अग्रवाल, पूर्व पार्षद लखन साहू तथा डोंगरीपारा के सभी निवासियों के सहयोग से गुप्त नवरात्रि में 9 दिनों तक देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी जी महराज के मुखारविन्द से देवी भागवत की कथा का रसपान क्षेत्र के भक्तजनों को कराया गया। 9 दिन की कथा के पश्चात पर्णाहूति हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा श्रवण करने नगर के पार्षद वेंकट अग्रवाल, लखन साहू, आरडी गुप्ता, अनिता गुप्ता, रेखा अग्रवाल, वरिष्ठ समाज सेवी विष्णु अग्रवाल, श्रीधर गुप्ता, बदरुद्दीन खत्री, हरीश चौबे, आदित्य दीक्षित, अनुराग तिवारी, विनोद गुप्ता, देवेंद्र कौशिक, महावीरसाहू, शिव साहू, आनंद साहू,पंचराम साहू, मोटू साहू, राजू साहू, दीपक साहू, मधुर बाबा, समिति के सचिव राजू साहू सहित मुख्य यजमान उपस्थित रहे।

### कोसमा में वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**जरहागांव।** पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच रानू मेवाराम कश्यप, उपसरपंच रेशमा पात्रे की उपस्थिति रही। उनके साथ पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीत, नृत्य एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकगीत और लोकनृत्य सुआ, करमा, पंथी, राउत नाचा के साथ देशभक्ति गीतों का समागम रहा। उपस्थित अतिथियों ने इन प्रस्तुतियों की जमकर प्रशंसा की। समारोह में मंच संचालन शिक्षक मनोज कश्यप ने किया। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों को अतिथियों के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं पेन वितरित कर सम्मानित किया गया। शिक्षक महेंद्र सिंह गेंदले को डायरी, पेन और शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों एवं ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में राजेश्वरी पात्रे प्रधान पाठक, रजनी कश्यप, खीरेंद्र साहू, मनोज कश्यप, सुशील यादव, रामकुमार साहू, खुमेश्वर सोनवानी, महेंद्र सिंह गेंदले,गौतम साहू,धरम दास सहित शाला प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी

# मुंगेली जिले में अब तक 51 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 10 हजार 900 से अधिक है। जिले में अब तक 51 लाख 19 हजार 670 क्विंटल से अधिक धान खरीदी जा चुकी है, इसमें मोटा 28 लाख 22 हजार 890 क्विंटल, पतला 330 क्विंटल और सरना 22 लाख 96 हजार 440 क्विंटल धान शामिल है। उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है।

अब तक 27 लाख 86 हजार 672 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं किसानों को 1 हजार 212 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। धान विक्रय करने वाले किसानों को माइक्रो एटीएम एवं चेक के माध्यम से त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 3 हजार किसानों को करीब 12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है।



### सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर सतत निगरानी

कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने की शिकायत के लिए तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, इससे खरीदी, भंडारण और परिवहन की रियल टाइम मानिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है और अनियमितता पाए जाने कार्रवाई भी की जा रही है।

### ट्रैक्टर सहित 100 क्विंटल अवैध धान जब्त



**मरवाही।** धान खरीदी की अंतिम तारीख आते-आते बिचौलियों द्वारा अवैध धान खपाने की पूरी कोशिश की जा रही है, जिसकी घेराबंदी प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार को मुखबिरों की सूचना पर एसडीएम मरवाही ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध रूप से बोरी में रखे 2 ट्रेक्टर धान, जिसकी अनुमति मात्रा लगभग 100 क्विंटल को जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार धान से भरे ट्रैक्टर को गुल्लीडांड़ की तरफ से पकड़ के लाया गया। बताया जा रहा है कि, धान किसी सहसराम के नाम से थी, जिसे खपाने की की पूरी तैयारी थी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की मुस्तैदी ने समय रहते धान से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। एसडीएम देवेन्द्र सिरमौर ने बताया कि 100 क्विंटल धान का टोकन किसी सहस राम के नाम में था। धान जूट की बोरी में होने के कारण संदिग्ध प्रतीत हुई। पूछताछ में आरोपी घुमाने लगा, जिस पर धान को जब्त कर मरवाही थाना सुपुर्द कर दिया गया।

## राजपुर स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वतंत्र देश को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए नीति-नियम और कानून की जरूरत पड़ी। सभी देशों के कानून व नियमों का अध्ययन कर भारत देश के लिए बहु विश्व का सबसे बड़ा और विस्तृत संविधान देने में प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर का अहम योगदान रहा। इसमें सभी जाति, धर्मों, सभी व्यक्तियों के विकास के लिए रास्ता बनाया।

उक्त बातें प्राचार्य कविता त्रिवेदी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजपुर में आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच राजू खांडे ने तथा विशिष्ट अतिथि एसएमडीसी के अध्यक्ष दुवासी राम कर्ष, कांग्रेस नेता जित्तू तिवारी तथा उदासी राम कर्ष ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य



ने सबका मन मोह लिया। नीलम जायसगल की एकल नृत्य ने कार्यक्रम में समां बांधा ।

इस अवसर पर रविशंकर साहू, रविन्द्र जगत, राकेश सोनवानी, रवि कौशिक, रजिया खानम, मृदुला बाजपेयी, बालादीन लहरे, सोरीलाल खुसरो, रुद्र कुर्रे, राहुल, सूरज, देवव्रत आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन चिंताराम कर्माकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन जगतराम भारद्वाज ने किया।

## जिपं सीईओ ने की आवास योजना की प्रगति की समीक्षा

**मुंगेली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में संचालित आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि, सभी अप्रारंभ एवं प्रगतिरत आवासों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के शेष पूर्ण हो सकने वाले आवासों तथा 2024-25 तक के प्रगतिरत आवासों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि, योजना का मूल उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों



को नियमित मॉनिटरिंग, गुणवत्तापूर्ण निर्माण और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि, हितग्राहियों को समय पर जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएं, जिससे उन्हें योजना का पूर्ण लाभ मिल सके। सीईओ पांडेय ने क्षेत्रवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए धीमी प्रगति वाले क्षेत्रें में क्लस्टर बनाकर विशेष निगरानी करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान डाड़गांव एवं सेनगुड़ा के आवास मित्र को कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल सेवा समाप्ति के आदेश दिए गए, वहीं तरवरपुर एवं खपरी के आवास मित्र को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## संस्कार विद्या मंदिर के बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**पथरिया।** संस्कार विद्या मंदिर उमा विद्यालय सकेत में वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य चित्रसेन वर्मा ने समस्त अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि, यह विद्यालय हमारे माता-पिता की कर्मभूमि एवं हमारी जन्मभूमि के शैक्षणिक विकास तथा जागरूकता अभियान के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य इन्द्रमती अनिल ध्रुव ने कहा कि, संस्कार




विद्या मंदिर विद्यालय विगत 11 वर्षों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव के रूप में कार्य कर रहा है। यह विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पूजा अनीश मनु, फुलेश्वरी बसंत यादव ने भी संबोधित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्यों के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी दर्शकों ने जमकर प्रशंसा की।

## भाजपा किसान मोर्चा की जंबो टीम की घोषणा

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बिलासपुर शहर में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला एवं मंडल स्तर पर पदाधिकारियों की जंबो टीम की घोषणा की गई है। यह सूची भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत द्वारा जारी की गई। सूची के तहत जिला उपाध्यक्ष कोमल सिंह ठाकुर, आशोक कौशिक, विशाल सिंह ठाकुर, सतीश यादव, जिला महामंत्री दिनेश कौशिक, राहुल कश्यप, जिला मंत्री धर्मेन्द्र चंद्राकर राजू शर्मा, राजकमल साहू, भागवत मिश्रा, धनिराम यादव,



जिला कोषाध्यक्ष शिव कोरी, जिला सहकोषाध्यक्ष उत्तरा कश्यप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बिलासपुर पश्चिम जी अनंत, बिलासपुर दक्षिण शिव पटेल, बिलासपुर मध्य सुनील विश्वकर्मा, बिलासपुर पूर्व चंदन यादव, बिलासपुर उत्तर प्रीतराम साहू, बिलासपुर रेलवे आयुष मेहता, संतोष यादव, मनीष दुबे, डॉ चिंतराम साहू, मन्नू यादव, अशोक कौशिक, विश्वनाथ यादव, राकेश भोसलें, उमाशंकर कौशिक, रामफल निर्मलकर को बनाया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, किसान मोर्चा संगठन किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएगा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम




**मुंगेली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के क्रम में यातायात पुलिस टीम ने ग्राम दाबो के जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम बांकी, लालपुर, करही हाईस्कूल एवं शहर के अनेक स्कूलों में जाकर बच्चों को तथा मुंगेली शहर के चौक-चौराहों, प्रमुख स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजार एवं कस्बों पर नुक्कड़ सभा, नाटक के माध्यम से बैनर पोस्टर लगाकर व पाम्पलेट वितरण कर स्कूली बच्चों एवं लोगों को यातायात नियम का पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस अभियान में स्कूली बच्चों एवं आम लोंगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने हेतु आश्वस्त दिखे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल, विवेकानंद स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल मुंगेली के बच्चों के मध्य यातायात संबंधी रंगोली, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

## यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज की मशाल रैली




**मुंगेली।** यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज ने समाज की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ मशाल रैली का आयोजन किया। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही। मशाल रैली महाराणा प्रताप चौक, पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर स्वर्ण स्तम्भ तक निकाली गई। रैली के दौरान सवर्ण समाज के विभिन्न समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने यूजीसी बिल को समाज के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे काला कानून करार दिया और तीखे शब्दों में इसकी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि, यह बिल सामाजिक संतुलन, समान अवसर तथा शैक्षणिक न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार करता है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। रैली के समापन पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 30 जनवरी को सवर्ण समाज मुंगेली द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे विशाल संख्या में एकत्रित होकर एक शांतिपूर्ण रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## यूजीसी नियमों में संशोधन को लेकर पीएम के नाम ज्ञापन



**तखतपुर।** यूजीसी के नए नियमों में संशोधन की मांग को लेकर राजपूत क्षत्रीय समाज रहटादाह उपसमिति तखतपुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि, इस नियम से सामान्य वर्ग के छात्रों एवं प्राध्यपकों पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाकर उनका दुरूपयोग किया जा सकता है। इस नए नियम से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के विरूद्ध लगाए गए आरोपों पर सीधे कार्रवाई करने का भी प्रावधान है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, राम सिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, मनेजर सिंह, गजानन सिंह, अनिल सिंह, सुखदेव सिंह, आशीष सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, दिवाकर सिंह, धन्नू सिंह, धीरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, निरंजन, राजू सिंह, गुलशन, काव्या सिंह, इंद्रजीत सिंह, उषा सिंह, मंजू सिंह, गायत्री सिंह, पूजा सिंह, मोहनी सिंह, हेमलता, ममता सिंह, अंजू सिंह, मनीषा सिंह, अनिता सिंह, उर्मिला सिंह, सरोज सिंह, नंदनी सिंह, शैल सिंह, गीता ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में कार्यशाला, दी गई योजना की जानकारी

# जीरामजी के तहत 125 दिन रोजगार की गारंटीः रजनीश



**पेंड्रा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के मार्गदर्शन में प्रदेश भर के जिला भाजपा कार्यालयों में गुरुवार को जीरामजी योजना को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को योजना की विशेषताओं, क्रियान्वयन प्रक्रिया और लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह रहे। उन्होंने कहा कि, जहां मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार मिलता है, वहीं जीरामजी योजना के माध्यम से 125 दिन तक रोजगार की गारंटी दी जा रही है, जो ग्रामीण श्रमिकों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यशाला को जिला संगठन प्रभारी रितु चौरसिया, जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव एवं मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुबेर सिंह सरती, किशन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नपा गौरेला अध्यक्ष मुकेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, लूसन सिंह, दयाचंद पोर्ते, राकेश दीक्षित, जिला मंत्री किशमिश भानू, गंगोत्री राठौर, बालकृष्ण अग्रवाल, बृजलाल राठौर, सुनील शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गतौरा मंडल में जीरामजी योजना को लेकर कार्यशाला



**मस्तूरी।** विधानसभा के जयरामनगर गतौरा मंडल में जीरामजी योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सूर्या एवं जिला के उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान सूर्या ने कहा कि, हम सबको चौक-चौराहे में जीरामजी योजना के बारे में बात करनी है, हितग्राही को इस योजना का फायदा मिले, 100 दिन के बदले 125 दिन का रोजगार मिले, इसकी चिंता करनी है। ग्राम पंचायत विकसित गांव की ओर अग्रसर हो यह पहली प्राथमिकता है। उन्होंने ने कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं। विकसित भारत तभी संभव है, जब विकसित गांव बनेगा, और जीरामजी योजना विकसित गांव और विकसित छत्तीसगढ़ के साथ विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 200 बच्चों ने जंगल सफारी नवा रायपुर का किया भ्रमण



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण के तहत जिले से प्रारंभिक स्तर के 100 तथा माध्यमिक स्तर के 100 चयनित विद्यार्थियों सहित कुल 200 विद्यार्थियों को जंगल सफारी, नवा रायपुर का अध्ययन भ्रमण कराया गया। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने बताया कि, भ्रमण की शुरुआत सुबह 6.30 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर से जिला परियोजना समन्वयक अशोक कश्यप द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। विद्यार्थियों ने जंगल सफारी गाइड के मार्गदर्शन में हिरण सफारी, बाघ सफारी, लॉयन सफारी एवं भालू सफारी का अवलोकन कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शेर, बाघ, भालू, हिरण, नीलगाय, मोर, चिंतल, सांभर सहित अनेक वन्य जीवों को प्रत्यक्ष देखकर अत्यंत आनंद एवं ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया। एपीओ रामनाथ गुप्ता ने बताया कि, सफारी भ्रमण के पश्चात सभी विद्यार्थियों को शाम तक सुरक्षित रूप से सकुशल घर पहुंचाया गया।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच मारपीट युवक पर चाकू से हमला



**बिलासपुर।** दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इसी दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा अटल आवास निवासी दुर्गा सिदार पिता राजकुमार सिदार ने रिपोर्ट लिखाई। 28 जनवरी को दोपहर 3.20 बजे सुनीता सिदार, कैलास वंशकार उनकी मां गनेशी सिदार को यहां शोर क्यो मचा रही हो कहकर गाली गलौज हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उसके बाद दुर्गा सिदार को अपनी मां का पक्ष लेती है कहकर मारपीट की। दिलहरण सिदार ने उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ की कलाई में चोट आई है। दूसरे पक्ष से दिलहरण सिदार ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी बहन सुनीता सिदार को उनके घर के पास अमित सिदार, गिरजा सिदार, राधिका सिदार, कार्तिक सिदार ने गाली गलौज कर मारपीट की गई है। पुलिस ने दुर्गा सिदार की रिपोर्ट पर सुनीता सिदार, कैलास वंशकार, दिलहरण सिदार के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व दिलहरण सिदार के रिपोर्ट पर अमित सिदार, गिरजा सिदार, राधिका सिदार, कार्तिक सिदार के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। है।

### निगम पेट्रोल पंप कर्मी ने की खुदकुशी



**बिलासपुर।** ड्यूटी करने के बाद घर जाकर नगर निगम पेट्रोलपंप कर्मी ने फिनाइल पीकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी निवासी घुरू आवासपारा निवासी परमेश्वर सूर्यवंशी पिता संतोष सूर्यवंशी 32 साल मुंगेलीनाका स्थित नगर निगम पेट्रोलपंप में काम करते थे। 28 जनवरी की रात ड्यूटी से लौटने के बाद उन्होंने घर में फिनाइल पी लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन ने उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### बाइक से चोर ले उड़े जेवर सहित थैला

**बिलासपुर।** बाइक में थैला छोड़कर जाना महिला को महंगा पड़ गया है। चोरों ने बाइक से जेवर सहित थैला चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, चकरभाठा सरवानी निवासी अन्नपूर्णा साहू पति संजय साहू 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे अकलतरी कोटमीसोनार जाने के लिए निकलीं। जयरामनगर खैरा अपने देवर के ससुराल में दो मिनट के लिए रूके व अपना बैग बाइक में रखकर अंदर चली गईं। इसी दौरान चोरों ने उनका बैग चोरी कर लिया। बैग में एक तोला सोने के जेवर, दो जोड़ी बाजूबंद व कपड़ा रखा हुआ था। वह घर से बाहर निकली तो बेग चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**टेंडर लगा, जल्द प्रारंभ किया जाएगा निर्माण** | खारंग की बीस साल पुरानी दायीं तट नहर की नए सिरे से लाइनिंग

# नहर में 45 मीटर की रिपेयरिंग से 15 दिन बाधित थी शहर की पानी सप्लाई

**बिलासपुर।** खारंग जलाशय की दायीं तट नहर में केवल 45 मीटर क्षतिग्रस्त लाइनिंग को सुधारने के लिए शहर की पानी सप्लाई पंद्रह दिनों के लिए रोकी गई थी। अब खारंग की दायीं तट नहर में ही पूरे के पूरे 28 किलोमीटर लंबाई में नए सिरे से लाइनिंग की तैयारी की जा रही है। 14 करोड़ की लागत से होने वाले इस कार्य के लिए टेंडर लगाया जा चुका है। निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा।

■ अब पूरे 28 किलोमीटर में नए सिरे से लाइनिंग



खारंग जलाशय खूंटाघाट से निकलने वाली दायीं तटनहर में बीस साल पहले मनरेगा के पैसे से की गई लाइनिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। लिहाजा इसकी कुल 28 किलोमीटर लंबाई में नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है। दिक्कत यह है कि गर्मी का अहसास अब होने लगा है, वहीं कुछ ही दिनों में जलस्तर में भी गिरावट आने लगेगी। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा इस कार्य के लिए चौदह करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सिंचाई विभाग द्वारा कार्य के लिए टेंडर लगाया जा चुका है। निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द ही प्रारंभ कर दी जाएगी। विभाग के अनुसार नहर की नए सिरे से लाइनिंग होने के बाद टूटफूट के कारण हो रही पानी की बर्बादी रोकी जा सकेगी, वहीं पानी की रफ्तार को भी गति मिलेगी, जिससे अंतिम छोर पर बसे गांवों को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सकेगा, जिससे वे अपनी फसल की पर्याप्त सिंचाई कर सकेंगे। ज्ञात हो कि सौ साल पुरानी इस नहर की लाइनिंग के बाद करीब बीस सालों में इसकी मरम्मत कभी नहीं की जा सकी थी, जिससे यह पूरी तरह जीर्णशीर्ण हालत में पहुंच चुका था। अब नए सिरे से लाइनिंग के बाद इसकी हालत सुधर सकेगी।

### शुरूआती 2 सौ मीटर में ही होगी बड़ी परेशानी

खारंग के अधिकारियों के मुताबिक जलाशय से निकलने वाली दायीं तटनहर के शुरूआत में ही नगर निगम द्वारा शहर की सप्लाई के लिए इंटेकवेल स्थापित किया गया है। यह शुरूआत के दो सौ मीटर में ही स्थापित है। गर्मी के मौसम में अगर लाईनिंग का काम नहर की शुरूआत से ही प्रारंभ किया गया तो शहर की पानी सप्लाई शत प्रतिशत बाधित होगी। इसके विपरीत शुरूआत के दो सौ मीटर को छोड़कर पहले आगे की ओर लाईनिंग का काम प्रारंभ किया गया और गर्मी समाप्त हो जाने के बाद बारिश के मौसम में इंटेकवेल वाला हिस्सा कवर किया गया, तो शहरवासियों को ज्यादा तकलीफ नहीं होगी।

### आगे भीषण गर्मी, बड़ा चैलेंजिंग होगा काम

मकर संक्रांति के बाद तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। फरवरी के प्रारंभ से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगेगी। मार्च, अप्रैल और मई की गर्मी आग लगाने वाली होती है। इस दौरान शहर के भीतर अनेक वार्डों में जलस्तर गिरने से बोर फेल हो जाते हैं, जिससे नगर निगम को टैंकरों से सप्लाई करनी पड़ती है। ऐसे में खारंग की दायीं तट नहर की नए सिरे से लाईनिंग के लिए शहर की सप्लाई रोकने से हाहाकार की स्थिति निर्मित हो जाएगी। नगर निगम एवं सिंचाई विभाग के लिए सामंजस्य बनाते हुए निर्माण कराना होगा।

### नए सिरे से होनी है लाइनिंग

खारंग की दायीं तटनहर में 28 किलोमीटर में नए सिरे से लाइनिंग की जानी है। चूंकि खारंग से शहर को निस्तारी के लिए पानी की सप्लाई की जाती है, जिससे यह काम चैलेंजिंग तो है, लेकिन गर्मी में इंटेकवेल वाला हिस्सा छोड़कर आगे लाइनिंग करने एवं बारिश के दौरान इंटेकवेल वाले हिस्से में काम करने से शहरवासियों को ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देश एवं नगर निगम से सामंजस्य के आधार पर ही आगे अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

**-मधु कुमार चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

**ना जक्शन बाक्स बदला ना ही बिखरे तारों को समेट पाया विभाग**

# ट्रांसफार्मर से झांक रहे तार, मेंटनेंस के नाम पर की जा रही खानापूर्ति





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रांसफार्मरों से निकलती चिंगारी और झुलते हुए तारों से आम आदमी अक्सर डरा सा रहता है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसकी मरम्मत और रखरखाव को लेकर उदासीन रवैया रखते है। यही कारण है कि शहर के हर कोने में बेतरतीबी से लगाए गए ट्रांसफार्मर दिखाई देते है। ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स से तार झांकती रहती है, जबकि ग्रीप गायब हो चुके है। जिससे टम्परी तरीके से रखा जाता है।

ट्रांसफार्मर बिजली आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। इनकी उचित देखभाल न होने से बिजली गुल होती है। नियमित निरीक्षण, समय पर मरम्मत और गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने के कारण ट्रांसफार्मरों खराब होते है। सबसे खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांसफार्मर शहर के भीड़ भाड़ इलाकों में है जहां खुले में तार आसानी से दिखाई देते है। कई बार इन तारों से चिंगारी निकलती रहती है और पिछले साल गर्मी माह में एक के बाद एक 6 ट्रांसफार्मर में आग लग चुकी है।

नेहरू नगर, सरकंडा, सरजू बगीचा, बसस्टैंड, कतियापारा, अशोक नगर जैसे इलाकों में आसानी से खुले ट्रांसफार्मर के बक्से देखे जा सकते है। जिससे बिजली बाधित रहती है। फ्यूज कॉल के भरोसे चल रहे मेंटनेंस में ना तो कुशल कर्मचारियों है। जिससे हर बार ट्रांसफार्मर खराब होने की नौबत आती है।

### इलाकों में असुरक्षित है लोग

कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर बहुत ही असुरक्षित तरीके से लगाए गए है। ट्रांसफार्मर लगाने में विद्युत विभाग की लापरवाही आमजन के लिए खतरनाक हो सकती है। असुरक्षित और लापरवाही से लगाए गए ट्रांसफार्मर से किसी की भी जान जा सकती है। संवेदनशील ट्रांसफार्मर के आसपास एक बाड़ भी लगाई जा सकती है लेकिन इस ओर बिजली विभाग ध्यान ही नहीं देता है।

### प्रशिक्षित कर्मचारियों का अभाव

विद्युत वितरण कंपनियों में ज्यादातर स्टाफ ठेकाकर्मी है। नियमित एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों का भी अभाव है। बिजली कंपनियों के पास पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। यही कारण है कि ट्रांसफार्मरों की नियमित रूप से तकनीकी जांच और मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है। इससे हादसों का डर बना रहता है।

### गर्मी से पूर्व दुरूस्त किया जाएगा

ट्रांसफार्मरों का रखरखाव किया जाता है, गर्मी से पूर्व ट्रांसफार्मर को दुरूस्त किया जाएगा, और उनकी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी।

**-श्रीनिवास राजू**, एसई, बिजली विभाग

### ट्रांसफार्मर जलने की रिपोर्ट रायपुर भेजी गई अधिकारी छुट्टी पर, सामने नहीं आया सच

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन में 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर में लगी आग कब की बुझ चुकी है, लेकिन इसके बाद हुए नुकसान की भरपाई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई लंबित है। कंपनी ने 3 सदस्यीय टीम की कमेटी बनाकर जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है, लेकिन सच सामने नहीं आ सका है। कुटीपारा इलाके में 5 जनवरी को 220 केवी सबस्टेशन में लगे 160 एमवीए ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई थी। घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम बनाई गई, टीम को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। घटना के 3 दिन बाद चीफ इंजीनियर, एडिशनल सीई और एक ईई को जांच का जिम्मा सौंपा गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर रिपोर्ट बनाकर रायपुर कार्यालय के भेज दी है लेकिन अधिकारियों के छुट्टी पर जाने के कारण रिपोर्ट की परते बाहर नहीं आ सकी है। सबस्टेशन के 160 एमवीए के 3 ट्रांसफार्मर है, 20 से 25 दिनों से तेल रिसाव होने के बाद भी मरम्मत नहीं कराई गई थी। जिसके कारण आग लगने की घटना हुई है लेकिन इतनी बड़ी गलती होने के बाद भी अधिकारियों पर अबतक कार्रवाई नहीं की गई है।

### कई सबस्टेशन के चार्ज में है एई

बताया जा रहा है कि सबस्टेशन में पदस्थ एई पिछले कई महीनों से 7 से अधिक सबस्टेशन का जिम्मा संभाल रहे है। ऐसे में मेंटनेंस में चुक होना लाजमी है। वहीं ईई गंभीर बीमारी से पीड़ित है, जिसके कारण छुट्टी पर रहना होता है। ऐसे मरम्मत का जिम्मा सबस्टेशन के कर्मचारी और ठेकेदार को संभालनी थी लेकिन कर्मचारियों ने ध्यान तक नहीं दिया और घटना हो गई है।

### रिपोर्ट मिल गई है

फिलहाल मैं बाहर हूं, लेकिन रिपोर्ट कार्यालय में आ चुकी है। इसके पढ़ने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। रिपोर्ट में निकले नतीजों के आधार पर ही कार्रवाई तय होगी।

**-राजेश शुक्ला**, एमडी, ट्रांसमिशन कंपनी

## आईजी ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों से तैनाती की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवपदस्थ आईजी ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों से टीआई से लेकर आरक्षक तक की तैनाती की जानकारी मांगी है। आदेश जारी होते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है।



■ मचा हड़कंप

आईजी रामगोपाल गर्ग ने रेंज के बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा, मुंगेली, जीपीएम, सक्ति, सारंगढ़ के पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी कर पूछा है कि जिले में पदस्थ आरक्षक से टीआई स्तर के अधिकारी, कर्मचारी के संबंध गृह जिला, भर्ती तिथि, पदोन्नति तिथि, जिले में आमद दिनांक, वर्तमान तैनाती स्थल, वास्तविक तैनाती विगत 5 सालों में कहां कहां रहा है। आदेश जारी होने के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। विभाग में जोरों से चर्चा है कि आरक्षक से टीआई स्तर के अधिकारियों में तबादला की गाज गिर सकती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिले के थानों में पदस्थ अधिकांश पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का तबादला हो गया है। उसके बाद भी अपने आकाओं के दम पर आदेश का पालन नहीं करते हुए उसी थाने में जमे हुए हैं। इसी तरह जिले के शहर व ग्रामीण थानों में अधिकांश पुलिसकर्मी लंबे अरसे जमे हुए हैं। आलम यह है कि कई पुलिसकर्मियों की एक ही थाने में दो तीन बार पोस्टिंग हो गई है। आलम यह है कि शहर के थानों में पदस्थ पुलिसकर्मी ग्रामीण क्षेत्र के थानों में तबादला होने पर आकाओं के माध्यम से फिर से शहर के थाना में वापसी कर लेते हैं। इसी तरह एसीसीयू टीम में कई पुलिसकर्मियों को तीन से चार साल हो गए हैं।

### स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, चकरभाठा वार्ड क्रमांक 5 अचानकपुर निवासी रामबगस ओगरे 28 जनवरी को बाइक क्रमांक सीजी 10 वाय, 9612 से अटर्रा जा रहे थे। दोपहर 3.40 बजे मोहदा मोड़ बिलासपुर - रायपुर एनएच 130 के पास पहुंचे थे। इसी दौरान बिलासपुर से जा रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू, 1777 के चालक ने तेज गति से उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने उनके भांजे राजकुमार बांधे की रिपोर्ट पर स्कार्पियो चालक के खिलाफ धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## लिंक सर्च करते ही बैंक खाते से 1 लाख 60 हजार रुपए ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल में भेजे गए लिंक को सर्च करने पर पति पत्नी के बैंक खाते से 1 लाख 59 हजार 556 रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई निवासी संतोष कुमार झा के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से मैसेज में लिंक भेजा गया। जैसे ही उन्होंने लिंक सर्च किया। उनके व उनकी पत्नी के बैंक खाते से 1 लाख 59 हजार 556 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई।

आनलाइन ठगी पुलिस विभाग के लिए बड़ी चुनौती हो गई है। जागरूकता के बीच लोग आनलाइन ठगी के शिकार हो जा रहे हैं। 3 जनवरी 2026 को हेममनगर निवासी कुलवीर सिंह से 1 करोड़ 31 लाख, 8 जनवरी को एमजी होम्स सकरी निवासी गया प्रसाद मालवी से 11 लाख, 10 जनवरी को मोपका गार्डन सिटी निवासी प्रयंदर्शी रावतराय से 66 लाख 70 हजार, 24 जनवरी को पारिजात कैसल निवासी प्रतीक अग्रवाल से 80 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस एक भी मामले में जालसाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### साइबर थाना के बाद भी लोगों नहीं मिल रहा न्याय

आनलाइन ठगी के मामले की जांच कर जालसाजों को पकड़ने के लिए जिले में रेंज स्तरी साइबर थाना खोला गया है। पृथक से साइबर थाना खुलने व दो थानेदारों की पदस्थापना के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। केवल म्यूल बैंक खाता धारकों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। अमला जालसाजों को नहीं पकड़ पा रही है।

## चालक ने दुकान में घुसा दी कार, मामले में अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** वेगनआर कार के चालक ने बैक करते समय संचालक को टक्कर मारते हुए दुकान में कार घुसा दी। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी शिवम इनक्लेम निवासी भरत लाल आडवानी की करबला रोड लेण्डमार्क काम्प्लेक्स में कपड़ा दुकान है। 28 जनवरी की रात 8.475 बजे वे दुकान के सामने खड़े थे। इसी दौरान वेगनआर कार क्रमांक सीजी 04 एचडी, 3249 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक पीछे करते हुए श्री आडवानी को टक्कर मारकर दुकान के अंदर गाड़ी घुसा दी। हादसे में श्री आडवानी घायल हो गए और दुकान में लगा कांच, लैपटाप, मानीटर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने श्री आडवानी की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।





दुकान में घुसी कार।

ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गॉंठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## सड़क गड्ढों में तब्दील, इधर पीडब्ल्यूडी टेंडर में उलझा

**बिलासपुर।** मनोहर टाकीज से तोरवा सड़क पिछले काफी समय से खस्ताहाल है। बारिश के बाद सड़क उधड़ चुकी है, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इसके बनाने को लेकर अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है, यही कारण है कि सड़क पर चलने वाले लोगों को धूल फांकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जूना बिलासपुर होते हुए गांधी चौक और तोरवा पहुंच मार्ग बदहाल है। सड़क पूरी तरह से जर्जर है और सड़क की जगह अब बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों से होकर रोजाना हजारों गाड़ी परिवहन की जाती है, लेकिन लोगों को होने वाली परेशानी से पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। बताया जा रहा है कि नेहरू नगर से लालखदान के बीच करीब 13 किमी सड़क बनाई जानी है, लेकिन सड़क का ठेका नहीं किया गया है,यही कारण है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़क निर्माण करने से बच रहे हैं, लेकिन इस बीच करीब 6 माह का समय बीत चुका है। बारिश के बाद से ही सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब व्यापारियों के द्वारा पीडब्ल्यूडी कार्यालय घेरे की बात की जा रही है।



### आए दिन होती है दुर्घटनाएं

दरअसल सड़क पर 12 से 20 इंच गड्ढे बन चुके हैं, ऐसे में सड़क पर दिन भर धूल उड़ती है, व्यापारियों के पहल के बाद नगर निगम द्वारा पानी डाला जाता है, लेकिन सूखने के बाद हालत जस की तस हो जाती है। आसपास के लोगों ने बताया कि अब तक दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, हालांकि कोई गंभीर चोट नहीं पहुंची है लेकिन दुर्घटना में आने जाने वाले चोटिल हो रहे हैं। वहीं गड्ढों के कारण लोगों को हिचकोले खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411